चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 253, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 12 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# होनहार बेटियां देश की तस्वीर भी और तकदीर भी: राष्ट्रपति

## कश्मीर विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले अधिक है। गोल्ड मेडल और खिताब जीतने में भी 65 फीसदी छात्राएं

**श्रीनगर**

**होनहार** बेटियां देश की तस्वीर भी हैं और तकदीर भी हैं। कश्मीर विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों के मुकाबले अधिक है। गोल्ड मेडल और खिताब जीतने में भी 65 फीसदी छात्राएं हैं। ये बातें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कश्मीर विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज स्टेज पर मेडल पाने वाले 21 मेधावियों में से भी 17 छात्राएं रहीं, जो दो तिहाई से भी अधिक हैं। इसके लिए उन्होंने छात्राओं को मुबारकबाद दीं। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि ये होनहार बेटियां देश की तस्वीर भी हैं और तकदीर भी हैं। हमारे देश की महिलाएं और लड़कियां नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के जरिये भविष्य में देश की राजनीति में और भी बड़ी भागीदारी निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ये अधिनियम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में क्रांतिकारी कदम साबित होगा। वहीं, प्रेसिडेंट ने अपने भाषण की शुरूआत में 'यि छू मौज कशीर' कह कर संबोधन किया, जिस पर हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आगे अपने संबोधन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि कश्मीर विश्वविद्यालय के इस खूबसूरत कैंपस में तालीम हासिल करना और तालीम देने का अवसर मिलना खुशकिस्मती है। इस विश्वविद्यालय ने देश को एक से बढ़ एक होनहार नागरिक दिए हैं। हजरतबल की रहमत हमेशा इसपर बनी रहें। महामहिम ने कहा कि कुदरत ने कश्मीर को बेपनाह खूबसूरती दी है। अगर धरती पर कहीं स्वर्ग है तो यहीं है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथी सामाजिक कार्य में भागीदारी करें। उन्होंने दीक्षांत समारोह में शामिल सभी छात्रों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा काम करें जिससे देश, परिवार, विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो। राष्ट्रपति ने कहा कि देश को कश्मीर के जिम्मेदार युवाओं पर गर्व



है। उन्होंने कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों से अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके वे सामाजिक बदलाव ला सकते हैं और एक मिसाल कायम कर सकते हैं. उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पूर्व छात्रों ने देश की सेवा करके इस विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कश्मीर विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य जिसका अर्थ है 'आइए हम अंधकार से प्रकाश की ओर चलें' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जितना अधिक हमारे युवा शिक्षा के प्रकाश की ओर, शांति के प्रकाश की ओर बढ़ेंगे, उतना ही हमारा देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि जिस समाज और देश के युवा विकास और अनुशासन के मार्ग पर चलते हैं, वह समाज और देश प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता है। सतत विकास के बारे में बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सतत विकास की सीख कश्मीर की विरासत का हिस्सा है। उन्होंने एक कहावत का हवाला दिया जिसका अर्थ है 'जब तक वन हैं तब तक अन्न है।' और कहा कि पृथ्वी पर इस स्वर्ग को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कश्मीर विश्वविद्यालय से हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ग्लेशियोलॉजी, जैव विविधता संरक्षण और हिमालयन आइस-कोर प्रयोगशाला से संबंधित कार्य विभिन्न चरणों में हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय ऐसे सभी क्षेत्रों में तीव्र गति से कार्य करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर जोर दिया गया है।

## लघु उद्योगों से ही संभव होगा रोजगार सृजन और परिवारों का आर्थिक स्वावलंबनः सीएम योगी, एमएसएमई में ट्रेनिंग लेने वाले युवाओं को आधा मानदेय देगी योगी सरकार

# 'अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है लघु उद्योग'

**आगरा**

**सीएम** योगी आदित्यनाथ लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश उद्यमी महा अधिवेशन में शिरकत करने पहुंचे। आगरा में पहली बार प्रदेशभर के 5 हजार से अधिक लघु उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। लघु उद्यमियों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। लघु उद्योगों से ही रोजगार सृजन और परिवारों का आर्थिक स्वावलंबन संभव है। साथ ही उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून से खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नही जाएगा, चाहे वो कोई भी हो।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने लघु उद्योग भारती के उद्यमी महा अधिवेशन में प्रदेशभर से आए उद्यमियों का ब्रजभूमि में प्रदेश सरकार की ओर से हृदय से स्वागत किया। उन्होंने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि ये मेरे लिए अमूल्य क्षण है। आज लघु उद्यमियों के साथ तीन महीने में अंदर आज तीसरी बार लघु उद्यमियों से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपने 21 से 25 सितंबर के बीच में ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो को देखा होगा। इसमें लघु उद्योग भारती भी सरकार की सहयोगी थी। इसमें उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक एग्जीबिटर्स पूरे कार्यक्रम के भागीदार बने थे। वहीं विदेशों से भी 500 से अधिक बायर्स ने ट्रेड शो में शिरकत की थी। चार दिनों में 5 लाख से अधिक बायर आए थे, उन्होंने उत्तर प्रदेश की सामर्थ्य को देखा था। मुख्यमंत्री ने हाल ही में भदोही में आयोजित हुए इंटरनेशनल कारपेट एक्सपो का जिक्र करते हुए कहा कि पहले वहां के उद्यमियों को देखकर लगा कि कैसे उनकी उपेक्षा होती थी। भारत प्रतिवर्ष 17 हजार करोड़ का कारपेट एक्सपोर्ट करता है। जिसमें अकेले भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी से 10 हजार करोड़ रुपए का कारपेट का एक्सपोर्ट होता है।



### यूपी को उद्यमियों के परिश्रम से आर्थिक रूप से समृद्ध बनाया

**योगीउत्तर** प्रदेश सरकार ने ऐसे लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए मोदी के प्रेरणा से हमारी सरकार ने 2018 में एक जिला, एक उत्पाद की योजना की शुरूआत की थी। ओडीओपी के माध्यम से परंपरागत उद्योगों को प्रोत्साहन देने, उन्हें टेक्नोलॉजी, डिजाइन, पैकेजिंग के प्रशिक्षण और उनको मार्केट उपलब्ध कराया जा सके, इसके लिए सरकार के स्तर से प्रयास प्रारंभ हुआ था। आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। आज ओडीओपी योजना से उत्तर प्रदेश पिछले पांच वर्ष में अपने एक्सपोर्ट को 250 गुना बढ़ाने में सफल रहा है।

### अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति

सीएम सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति नजीर बनी है। हम सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे, चाहे वो कोई भी हो। अगर किसी ने खिलवाड़ किया तो उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। 2023 के चुनाव में पहली बार हुआ कि कानून व्यवस्था चुनावी मुद्दा बने और जनता प्रदेश सरकार के साथ खड़ी दिखे। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि अगर आप उद्योग लगाना चाहते हैं या लगाया है। किसी स्थानीय संस्थान से आपका टाई-अप हो जाए तो वहां के बच्चे आपको मैन पावर की आसानी से सुविधा उपलब्ध करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिन बच्चों को रखेंगे, जिस दौरान से काम करेंगे, अगर इनका रजिस्ट्रेशन कराते हैं तो, आधा मानदेय सरकारी देगी। इससे फायदा होगा कि हमारे पास अनुभवी लोगों की टीम खड़ी होगी। अपने युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करते हैं तो इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। इस दौरान लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन दादू ने कहा कि महाधिवेशन में सहभागिता करने वाले 1500 से अधिक लघु उद्यमी अपने-अपने क्षेत्र के विकास, समस्या और भविष्य पर चिंतन करेंगे। प्रदेश के औद्योगिक विकास को कैसे विस्तार किया जाए। इस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से मार्गदर्शन लिया जाएगा। आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा और राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद भी आएंगे। साथ ही सरकार के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# कैबिनेट: लिथियम-आरईई के खनन के लिए रॉयल्टी दरों को मंजूरी

**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** ने तीन महत्वपूर्ण खनिजों- लिथियम, नाइओबियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) के खनन के लिए रॉयल्टी दरों को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव से खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन बढ़ने की भी उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी। रॉयल्टी की



दर को मंजूरी से अब केंद्र सरकार ब्लॉकों की नीलामी कर पाएगी। आज तय रॉयल्टी इस प्रकार हैः लिथियम- लंदन मेटल एक्सचेंज मूल्य का 3 प्रतिशत, नाइओबियम - औसत बिक्री मूल्य का 3 प्रतिशत (प्राथमिक और द्वितीयक स्त्रोतों दोनों के लिए), आरईई- रेयर अर्थ ऑक्साइड के औसत बिक्री मूल्य का 1 प्रतिशत। केंद्र सरकार का कहना है ।

### जीएसटी प्राधिकरण ने एलआईसी पर लगाया जुमार्ना

**नई दिल्ली**

**वस्तु** एवं सेवा कर (जीएसटी) प्राधिकरण ने कम कर भुगतान के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर 36,844 रुपये को जुमार्ना लगाया है। एलआईसी ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे जम्मू-कश्मीर के लिए ब्याज और जुमार्ने के साथ जीएसटी संग्रह के लिए एक मांग आदेश प्राप्त हुआ है। राज्य कर अधिकारी श्रीनगर की ओर से 09 अक्टूबर को प्राप्त नोटिस के मुताबिक एलआईसी ने कुछ बिलों पर 18 फीसदी की बजाय 12 फीसदी जीएसटी का भुगतान किया है।

# इजरायल हमास युद्ध: भारत ने बनाया कंट्रोल रूम

'कंट्रोल रूम की स्थापना का मकसद इजरायल में स्थिति पर नजर बनाए रखने और वहां फंसे लोगों को सूचना एवं सहायता प्रदान करना होगा'




**नई दिल्ली**

**इजरायल** हमास युद्ध से प्रभावित भारतीय नागरिकों के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक राहत भरी खबर सुनाई है। इजरायल-हमास जंग के बीच विदेश मंत्रालय की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित करने का फैसला लिया गया है।

24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूमः विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जानकारी दी कि इस कंट्रोल रूम की स्थापना का मकसद इजरायल में स्थिति पर नजर बनाए रखने और वहां फंसे लोगों को सूचना एवं सहायता प्रदान करना होगा। विदेश मंत्रालय की ओर से बनाए गए इस कंट्रोल रूम में 24 घंटे काम जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली में मौजूद कंट्रोल रूम से संपर्क करने के लिए कई फोन नंबर भी जारी किए। वहीं, इजरायल के तेल अवीव में मौजूद भारतीय दूतावास ने भी 24 घंटे की आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की है। वहीं, एक ईमेल आईडी भी जारी किए गए।

हम स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैंः भारतीय दूतावास

इजरालय में मौजूद भारतीय दूतावास ने जानकारी दी कि "इजरायल में मौजूद भारतीय नागरिकों को हम यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि दूतावास आपकी सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार काम कर रहा है। हम सभी बहुत कठिन समय से गुजर रहे हैं। लेकिन कृपया शांत और सतर्क रहें और स्थानीय सुरक्षा दिशानिदेर्शों का पालन करें। दूतावास ने आगे कहा," हम आपकी मदद करने के लिए यहां हैं और हम आपमें से कई लोगों को धन्यवाद देते ,हैं जिन्होंने सराहना के इतने सारे संदेश भेजे हैं।

# राजस्थान: अब 25 नवंबर को होगा मतदान

**नई दिल्ली**

**चुनाव आयोग** ने राजस्थान विधानसभा के लिए 23 नवंबर को होने वाले मतदान की तारीख को दो दिन आगे बढ़ा दिया है। अब राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान होगा। असल में 23 नवंबर को देव उठनी एकादशी है। इस दिन राजस्थान में बड़ी संख्या में विवाह समारोह तय हैं। इसी को देखते हुए मतदान की तारीख आगे बढ़ायी गयी है।

चुनाव आयोग के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों में



भी उस दिन बड़े पैमाने पर शादी/सामाजिक कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीख में बदलाव के मुद्दे उठाए गए। इस दिन मतदान से बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हो सकती थी। आयोग ने इन बिंदुओं पर विचार करते हुए मतदान की तारीख 23 नवंबर (गुरुवार) से बदलकर 25 नवंबर (शनिवार) करने का निर्णय लिया है।

## बड़ी बेंच के पास रेफर करने के लिए चीफ जस्टिस के पास मामला भेजा गया

# 26 हफ्ते का भ्रूण हटाने को लेकर विभाजित फैसला

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने 26 हफ्ते की गर्भवती महिला का भ्रूण हटाने को लेकर अलग-अलग फैसला दिया। जस्टिस हीमा कोहली और जस्टिस बीवी नागरत्ना की विशेष बेंच में मामले पर सहमति नहीं बन सकी, जिसके बाद इसे बड़ी बेंच के पास रेफर करने के लिए चीफ जस्टिस के पास भेज दिया गया। अब चीफ जस्टिस इसके लिए बेंच गठित करेंगे, जो इस मामले पर अपना फैसला सुनाएगी। इस मामले में जस्टिस बीवी नागरत्ना याचिकाकर्ता



महिला के अधिकार और इच्छा के पक्ष में हैं। जस्टिस नागरत्ना के फैसले के मुताबिक महिला को गर्भपात कराने की अनुमति दी जानी चाहिए, जबकि जस्टिस हीमा कोहली ने कहा कि गर्भपात कराने के बजाय उस बच्चे को जन्म लेने देना चाहिए। गर्भवती महिला का कहना था कि वह दो बच्चों की मां बन चुकी है और अब उसे तीसरा बच्चा नहीं चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने 9 अक्टूबर को महिला की खराब मानसिक और आर्थिक स्थिति को देखते हुए गर्भपात की अनुमति दे दी थी। इस पर केंद्र सरकार ने 10 अक्टूबर की शाम को चीफ जस्टिस की बेंच के समक्ष यह मामला मेंशन करके गर्भपात की अनुमति का फैसला वापस लेने की मांग की।

## नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 450 किलोमीटर तक के लक्ष्य को निशाना बना सकती है

# आईएएफ ने ब्रह्मोस मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**कोलकाता**

**भारतीय** वायुसेना (आईएएफ) ने हाल ही में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास ब्रह्मोस मिसाइल के सतह से सतह संस्करण का सफल परीक्षण किया। मिसाइल फायर सफल रहा और मिशन ने अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर लिया। विस्तारित रेंज की यह नई ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 450 किलोमीटर तक के लक्ष्य को निशाना बना सकती है। सेना की ब्रह्मोस मिसाइल रेजिमेंट ने यह सफल परीक्षण पिन प्वाइंट सटीकता के साथ किया। इसके लिए एक अन्य द्वीप पर लक्ष्य रखा गया था, जिसे मिसाइल ने सटीक निशाना बनाया। इसके साथ भारतीय सेना के नाम एक और




उपलब्धि जुड़ गई है। ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल दुनिया की सबसे तेज गति से मार करने वाली मिसाइल है। भारतीय सेना ने इसके भूमि हमले संस्करण का पहला परीक्षण 24 नवंबर 2020 को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से ही किया था।

दो नदियों पर रखा गया है मिसाइल का नामः भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर मिसाइल का नाम ब्रह्मोस रखा गया है। यह कंपनी भारत के डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशीनोस्त्रोयेनिया का साझा उद्यम है।

सबसे तेज क्रूज मिसाइलः ब्रह्मोस देश की सबसे आधुनिक और दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल है।

यह मिसाइल पहाड़ों की छाया में छुपे दुश्मनों के ठिकानों को निशाना बना सकती है। यह एक ऐसी मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है। इसे तीनों सेनाओं में शामिल किया गया है।

# पीएम मोदी का दुनिया के सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता का दर्जा बरकरार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**

**अमेरिकी** कंसल्टेंसी फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पिछली रेटिंग्स में भी प्रधानमंत्री मोदी शीर्ष पर थे। 'मॉर्निंग कंसल्ट' की वेबसाइट के अनुसार वैश्विक नेता अनुमोदन रेटिंग ट्रैकर के लिए इस वर्ष 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आंकड़े एकत्र किए गए। ट्रैकर पर



78 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया, जबकि 17 प्रतिशत ने इसे नापसंद किया और पांच प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। विशेष रूप से यह काफी अंतर से एक बड़ी संख्या है ।

# साइकिल सवार दम्पत्ति को ट्रक ने कुचला, पत्नी की मौत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल मोड़ के पास बुधवार दोपहर को नैनी से शहर की ओर जा रहे साइकिल सवार दम्पत्ति को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से दोनो को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां, महिला की मौत हो गई, जबकि पति का इलाज चल रहा है। मूलतः बलापुर चक ख्वाजा स्थाई पता उद्योग नगर में रहने वाले रमाकांत पटेल (50) अपनी पत्नी गीता देवी (43) को साइकिल पर बैठाकर शहर की ओर जा रहे थे, जैसे ही अरैल मोड़ के पास वह पहुंचे कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए जहाँ गीता की मौत हो चुकी थी, और रमाकांत जीवन और मौत की जंग लड़ रहा है।

## बाइक को बचाने में बेकाबू हो पलटा ट्रैक्टर ट्रॉली,चपेट मे आये मजदूर की हुई मौत

**घूरपुर।** इरादतगंज हवाई पट्टी पर ईंट लादकर आ रहा एक ट्रैक्टर अचानक सामने आई बाइक को बचाने के चक्कर मे बेकाबू हो ट्रॉली समेत पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक व अन्य मजदूर तो बाल बाल बच गए लेकिन एक मजदूर की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घूरपुर थाना क्षेत्र के बड़ी बोंगी गांव निवासी रामा कनौजिया (42) पुत्र बदलू कनौजिया क्षेत्र के ईंट भट्ठे पर मजदूरी किया करता था। बुधवार की दोपहर एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदे ईंट को उतारने के लिए रामा ट्रैक्टर पर सवार होकर अन्य मजदूरों के साथ निकला था। अभी ट्रैक्टर इरादतगंज हवाईपट्टी पर पहुंचने वाला ही था कि अचानक ट्रैक्टर के सामने बाइक आ गई जिसे बचाने के प्रयास में चालक का नियंत्रण खो गया और बेकाबू होकर ट्रैक्टर पलट गया। और उसके नीचे रामा कनौजिया आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अन्य साथी व चालक बाल बाल बच गए। घटना की सूचना होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामा पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

## सर्पदंश से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत



**मेजा।** क्षेत्र के ग्राम कुर्किकला में एक 50 वर्षीय महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। महिला के परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए ज जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा कोतवाली क्षेत्र के कुर्कीकला निवासी निर्मला गौड़ पत्नी हरिश्चंद्र गौड़ (50)आंगनबाड़ी में कार्यकर्त्री के पद पर कार्यरत है।बुधवार को सुबह लगभग साढ़े सात बजे बाथ रूम गई,जहां उसे जहरीला सर्प ने डस लिया ।महिला ने परिजनों को सर्प कटने की बात बताई और देखते ही देखते वह बेहोश होकर गिर गई।परिजन उसे उपचार के लिए सांप काटने के इलाज के लिए मशहूर मेजारोड स्थित निजी अस्पताल ले गए,जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया,लेकिन परिजनों ने उसे मिजार्पुर एक निजी अस्पताल ले गए।वहां भी डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन हार थककर मृतक को वापस घर ले आए,जहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका अपने पीछे 5 पुत्रों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

## पुराने पुल के पास वृद्ध का चार दिन पुराना मिला शव

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के पुराने यमुना पुल के पास बुधवार को एक वृद्ध की तीन दिन पुरानी लाश मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे अज्ञात में पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि एक वृद्ध की लाश मिली थी। लाश तीन से चार दिन पुरानी थी। उनकी शिनाख्त नही हो सकी। आसपास के लोगों ने बताया कि वह भीख मांगकर अपना भरण पोषण करती थी।

## चोरी की मोटरसाइकिल संग दो चोर गिरफ्तार, दो बाल अपचारी भी धराए




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दो बाल अपचारी भी पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। यह गिरफ्तारी एसआई अमरेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ शिवराजपुर-प्रतापपुर मार्ग पर वन विभाग के पास से की है। यह जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने की पुलिस टीम ने वन विभाग के नजदीक से चोरी की बाइक के साथ दो चोरों मंगला बिंद पुत्र श्रीराम ललक (सुक्खू का पूरा, घूरपुर) और सचिन कुमार बिंद पुत्र कमलेश कुमार बिंद (निवासी उपरोक्त) को धर दबोचा। इनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल (यूपी70-ईएस-3082) बरामद हुई है। दोनों शातिर चोरों के साथ दो बालअपचारी भी धरे गए हैं। पूछताछ के बाद सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई। केस दर्ज कर दोनों चोरों का चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विवेक कुमार राय के साथ शशिकांत यादव, अरुण यादव, दीपकुमार, बलिराम सिंह भी शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### मेरी माटी-मेरा देश" कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधानों ने निकाली कलश यात्रा



**लालापुर।** भटपुरा-लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय की अगुवाई में बुधवार को "मेरी माटी-मेरा देश" कार्यक्रम के तहत लालापुर से शंकरगढ़ ब्लॉक तक कलश यात्रा निकाली गई। बता दें कि तिरंगा यात्रा लालापुर से बाजा-गाजा के साथ अमिलिया तरहार होते हुए नौढिया, पंडुआ-प्रतापपुर से शंकरगढ़ ब्लाक तक निकाली गई। इस दौरान ग्राम प्रधान गोइसरा प्रतिनिधि वीरेंद्र पाण्डेय, ग्राम प्रधान अमिलिया राजू उपाध्याय, ग्राम प्रधान नौढिया सूरज शुक्ला, ग्राम प्रधान पंडुआ दीपेश मिश्रा,ग्राम प्रधान चकसुचेर राजू पाण्डेय,ग्राम पंचायत अधिकारी गौरी शंकर सिंह सहित कई लोग रहे। ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पाण्डेय ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि बलिदानी वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए "मेरी माटी- मेरा देश" अभियान की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है।इस मौके पर क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों के साथ देवदत्त तिवारी, सुषमा तिवारी,शालू तिवारी, आकाश तिवारी के साथ अन्य कई लोग रहे।

### गौमाता का माल्यार्पण कर खिलाए गुड



**सोरांव।** बुधवार को सरकार की योजना को धरातल पर निरीक्षण करने व योगी सरकार में पशुओं को विशेष निगरानी के लिए सोरांव ब्लॉक के आदर्श गो आश्रय स्थल सोरांव का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने सभी कर्मचारियों संग अधिकारियों की सराहना की। हालांकि गौशाला में कुल 111 गायों की मौजूदगी रही। मौजूद मवेशियों को देखकर तथा उनकी देखरेख, साफ सफाई आदि पर सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड ने संतुष्टि जाहिर की। इतना ही नहीं निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में मौजूद भूषा, चोकर आदि को भी चेक किए। बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने कहा कि गौशाला में इतनी अच्छी साफ सफाई और पशुओं के लिए हरा चारा आदि को देख करके मुझे बहुत ही अंतरात्मा से खुशी मिली। इस पर खुश हो करके उन्होंने एक कहानी भी लोगों के बीच सुनाई। तथा गौशाला में पशुओं का माल्यार्पण कर गुड भी खिलाएं और हाथ जोड़कर के गौ माता का आशीर्वाद भी लिए। तथा इस अच्छी व्यवस्था के लिए खंड विकास अधिकारी सोरांव सुनील कुमार पटेल व ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार की सराहना करते हुए पीठ भी थपथपाए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप सरोज,एडीओ पंचायत विजय बहादुर यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के डाक्टर, ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार,ग्राम विकास अधिकारी मिथलेश मिश्रा, सचिव मुकेश मौर्य, सचिव अंकित मौर्य, सचिव राजीव मौर्य, ग्राम प्रधान शाहिद अली,पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव चौकीदार,सफाई कर्मचारी प्रेम पटेल संग सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देते मूर्तिकार



**जारी।** 15 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। देवी पर्व को लेकर मूर्तिकारों ने मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। नवरात्रि पर जहा गांव गांव सजने वाले दुर्गा पंडालो में दुर्गा पूजा आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। और दुर्गा मूर्तियो को तैयार करने में कलाकार जुट गए हैं ।कोलकाता बंगाल से आए हुए दिलीप पाल ने बताया कि विगत जारी बाजार में 20 वर्षों से मूर्ति बना रहे हैं 3 माह पहले हम लोग आ जाते हैं और मूर्ति अपने कुछ साथियों के साथ उत्तम पाल दिवाकर पाल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा जी की प्रतिमा को आखरी रूप देने में जुटा हुआ हूं मूर्ति की पेंटिंग कर रहे दिलीप पाल ने बताया कि इस बार कई ऑर्डर भी मूर्तियों के मिल गए हैं जो कि हम लोग इस बार छोटी बड़ी 50 मूर्ति ही बना पाए हैं जिनका ऑर्डर भी हमको मिल चुका है लक्ष्मी गणेश और दुर्गा जी की मूर्ति बनाई जा रही हैं 3000 से लेकर 10,000 15,000 तक की मूर्तियां इस बार बनाई गई हैं दीपंकर पाल ने बताया कि पूरे साल भर में यही 3 महीने कुछ पैसे हम कमाते हैं जो पूरे साल की पूंजी होती है कंपटीशन बहुत बढ़ गया है मूर्ति में लगने वाले सामानों के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं। इसलिए मूर्तियों के दाम में इजाफा हुआ है बंगाल व दूसरे प्रदेशों से आए कलाकार भी इलाके में मूर्ति बनाकर बेच रहे हैं यहां बनी मूर्तियां ग्रामीण क्षेत्रों से दूर दूर से आए लोग ले जाते हैं।

### अमृत कलश संग्रहण समारोह कार्यक्रम में सांसद डॉ रीता बहुगुणा ने की शिरकत




**करछना।** प्रयागराज विकासखंड करछना के सभागार में बुधवार को आयोजित अमृत संग्रहण समारोह कार्यक्रम में प्रयागराज की सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रधानों एवं ब्लॉक कर्मियों की हौसला अफजाई की तथा वीरों को नमन करते हुए ग्राम पंचायत को अमृत कलश संग्रहण कार्यक्रम के प्रति प्रेरित किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकासखंड करछना के प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में समस्त ग्राम पंचायत के प्रधान पंचायत सेक्रेटरी रोजगार सेवक ब्लॉक कर्मियों को प्रेरित करते हुए प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए निर्देश दिया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी सुरेश पांडे कमल मिश्रा खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता मनीष शुक्ला संजीव श्रीवास्तव सचिव, अक्षत सिंह सचिव, मनीष यादव सचिव, अमित यादव कमल सिंह आदित्य कुमार पौडवाल शिव गणेश पटेल प्रधान हथसरा, धर्मराज पटेल प्रधान दिनेश श्रीवास्तव सुनील कुमार प्रधान भाजपा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति रिंकू सिंह आनंद प्रताप उर्फ बच्चा सिंह दुष्यंत प्रताप सिंह अतुल कुमार मिश्रा राम सकल इंद्र कुमार यादव आशीष सिंह दीपेश सिंह धीतेश तिवारी प्रधान चनैनी महा मंत्री प्रधान संघ करछना बजरंगी, परमानंद मौर्य, आरती यादव सचिव, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे, सोनू सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में प्रधान एवं ब्लॉक कर्मी पंचायत सचिव के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता रहे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बस्ती की बेटियों के बीच हुआ वस्त्र वितरण



**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चुंगी के समीप बस्तियों में रहने वाले असहाय परिवारों के बीच स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में वस्त्र वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें 51 बेटियों को कपड़े बांटे गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी, अरुण निषाद, मधुमिता नाथ शुभेंद्र पांडेय समेत अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## मेरा माटी मेरा देश के तहत जसरा ब्लाक में हुआ कलश एकत्रीकरण




**जसरा।** विकास खण्ड। परिसर में मेरा माटी मेरा देश के तहत एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जसरा के 63 ग्राम पंचायतों से मिट्टी कलश एकत्रित किया गया। साथ ही राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह रहे। खण्ड विकास अधिकारी रईस अहमद ने बताया कि पूर्व में सभी ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधानों व सचिवों द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हर घर से मिट्टी एकत्रित की गई थी। उसी कलश को आज एकत्रित किया गया है। इन कलशों को तिरंगा का स्वरूप देकर इन पर प्रत्येक ग्राम का नाम लिखा गया है। इसके बाद इन कलशों को जिले पर भेजा जायेगा। राज्य पेयजल मिशन,नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हर घर जल तथा साफ सफाई को लेकर जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि पीने योग्य जल सीमित मात्रा में बचा हुआ है। 120 फिट की गहराई का वाटर लेबल का श्रोत अब पीने योग्य नहीं रह गया है। क्यों कि नल के आस पास गंदगी एवं जल का ठहराव जो प्रदूषित है वह रिशाव के द्वारा नीचे जाता है और भूगर्भ जल को प्रदूषित करता है। साफ सफाई एवं जल को बचाकर ही अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। खुले में शौच से मल व्यक्ति के खाने तक पहुंचता है। जिसका माध्यम घरेलू मक्खियां,जूते चप्पल हुआ करते हैं। जिससे गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर हरिराम त्रिपाठी,कमलेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला,नीरज केसवानी, एडीओ एसटी राजेश कुमार शर्मा, एडीओ कॉपरेटिव राकेश सिंह, बीओपीआरडी देवांशिका सिंह, एडीओ आईएसबी विज्ञान प्रभाकर शुक्ला, श्यामलाल तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र,मोनू सिंह,संदीप कुमार, शंकरलाल गुप्ता आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रतिनिधियो एवं अन्य सहयोगियों द्वारा कर्मचारियों पर दबाव, ब्लॉक कर्मियों ने व्यक्त की नाराजगी






अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय पर कई बार प्रतिनिधियों एवं अन्य सहयोगियों के साथ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप व दबाव बनाए जाने का मामला देखने को उमड़ा सैलाब। बुधवार को बनवारी ग्राम प्रधान राधिका द्विवेदी के प्रतिनिधि राजमणि द्विवेदी व केड़वर ग्राम प्रधान निर्मला देवी के देवर करुणा शंकर तिवारी ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर नारेबाजी की। वहीं कर्मचारियों ने ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधान बनवारी के बेटे विजय द्विवेदी ने अपने सहयोगियो में विनोद सोनकर उर्फ बुदुल,कमलेश, बबलू मिश्रा, शुभम तिवारी, मोनू द्विवेदी, अंकित जायसवाल, अनिल बिंद आदि दर्जनों के साथ पहुंचकर अभद्रता पूर्वक बयान बाजी पर नाराजगी व्यक्त किया और बीडीओ मांडा अमित मिश्रा के चैम्बर में अपने साथियों के साथ पहुंचा जहां बीडीओ ने समझा बुझाकर कर बाहर निकलने की बात कही। उक्त लोगों द्वारा अभद्र टिप्पणी व उनके धमकी पर नाराजगी व्यक्त किया और बीडीओ के साथ ही भाजपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह ने दोनों पक्षों के ज्ञापन पर बताया कि जितना विवाद में उलझ रहे हैं उससे ज्यादा गांव के विकास कार्यों एवं जनता के साथ धोखाधड़ी कर रहे है इस लिए दोनों पक्ष शान्ति पूर्वक जानता के विकास में जुट जाएं। वहीं श्री सिंह ने बनवारी ग्राम प्रधान के बेटे द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर अभद्र टिप्पणी एवं नारे बाजी करने वाले की जांच होगी।

# हिंदी व्याकरण प्रतियोगिताः आंचल पटेल, खुशी सिंह और अभिषेक सिंह ने अपनी श्रेणी में पाया पहला स्थान

**सरस्वती शिशु मंदिर के राज तिवारी को मिला 108 अंक के साथ प्रथम स्थान**




अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** प्रयास शिक्षण संस्थान शंकरगढ़ के बैनर तले बीते दिनों हुई हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतियोगिता का पांचवें संस्करण का परिणाम घोषित करने के साथ प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता हिंदी पखवाड़ा हिंदी दिवस के मौके पर आयोजित की गई थी। हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता के 5वें संस्करण में यमुनापार के 35 विद्यालयों के 550 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। बुधवार को घोषित किए गए परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर के राज तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज तिवारी को कुल 108 अंक मिले हैं। इसके अलावा आंचल पटेल (नवोदित शिक्षा निकेतन), खुशी सिंह (रणजीत पंडित इंटर कालेज लोहगरा), अभिषेक सिंह (राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़) ने भी अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में आकांक्षा राठौर (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शंकरगढ़), हर्षिता मिश्रा (राजा कमलाकर इंटर कालेज), अंशिका मिश्रा (रणजीत पंडित इंटर कालेज लोहगरा), अंशदीप सिंह (जेनिथ मॉडल स्कूल रानीगंज) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि आभाष सिंह (आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय), नक्षत्रपति त्रिपाठी (रानी देवयानी पब्लिक स्कूल), शिवांश केसरवानी (रणजीत पंडित इंटर कालेज लोहगरा) और आस्था तिवारी (राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़) ने तृतीय स्थान हासिल किया है। इसके अलावा हर वर्ग में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले 55 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्रह्मकुमारी मनोरमा दीदी,समाजसेवी सुधा गुप्ता,संस्थान की संचालिका पूजा केसरवानी, प्रबंधक रमेश केसरवानी, प्रभारी दीपक नीर, मूलचंद गुप्ता, नरेंद्र, सुरेश भाई, रतन, शिक्षक अर्चना आदि मौजूद रहीं।

# मांडा बीडीओ को ब्लॉक कर्मचारियों ने पांच सूत्रीय व प्रधान सहित प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपा

**ब्लॉक कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधान प्रतिनिधियो द्वारा फर्जी हस्ताक्षर व गलत काम के लिए बना रहे दबाव, उधर प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों पर कमीशन का लगाया आरोप**

**दोनों के नारे बाजी एवं ज्ञापन पर बीडीओ मांडा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दूध के धूले नहीं है कोई, इसकी होगी निष्पक्ष जांच, प्रधान प्रतिनिधियो में हड़कंप**

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायत व आठ न्याय पंचायत में भारी अनियमितता सामने उभर कर आ रही है। मंगलवार को मांडा ब्लॉक मुख्यालय के परिसर में तकनीकी सहायक दिनेश कुमार पाण्डेय व केडवर ग्राम प्रधान निर्मला देवी के देवर करुणा शंकर तिवारी के बीच गाली गलौज एवं हाथापाई के साथ एक दूसरे पर जूते चप्पल से किए गए प्रहार पर आक्रोशित ग्राम प्रधान ने बुधवार को आधा दर्जन ग्राम प्रधान संजय कुमार, राज कुमार, समर बहादुर, सत्य नारायण पटेल, डॉ असद अली सहित राजमणि द्विवेदी ने प्रतिनिधियो एवं अन्य सहयोगियों के साथ जम कर नारे बाजी करते हुए तकनीकी सहायक द्वारा कमीशन व कार्रवाई करने की मांगकर बीडीओ मांडा को ज्ञापन सौंपा है। उधर मांडा ब्लॉक मुख्यालय के दर्जनों कर्मचारियों ने तकनीकी सहायक दिनेश कुमार पाण्डेय पर लगाए गए आरोप को निराधार बताते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों द्वारा अवैध हस्ताक्षर व फर्जी काम पर सरकारी धन को गमन करने का आरोप लगाते हुए टीए भोला नाथ पाण्डेय ने दर्जनों कर्मचारियों के साथ मांडा बीडीओ अमित मिश्रा को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। वहीं मांडा ब्लॉक कर्मचारियों ने मनरेगा का कार्य शिर्फ सचिव, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक एवं ग्राम प्रधान के माध्यम से किया आया, ग्राम प्रधान के प्रतिनिधियो के प्रवेश पर तत्काल रोक लगे।प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पं0 केडवर द्वारा म० शे० एवं अन्य सरकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर की जाँच करायी जाय। सरकारी कार्य में बाधा डालने तकनीकी सहायक को धमकी देने एवं अनावश्यक रूप से ग्राम प्रधान के पद दायित्व का गलत उपयोग करने हेतु प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही किया जाने की मांग पर बीडीओ मांडा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों को नोटिस जारी किया गया है और बताया गया है कि साक्ष्य के साथ मांडा ब्लॉक आए दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएंगी।



# खेलकूद छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास का सर्वोत्तम माध्यम है : सुरेश त्रिपाठी

**तहसील स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं हुए पुरस्कृत**



**करछना।** मोती लाल नेहरू पी०जी० कॉलेज में दो दिवसीय तहसील स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ।कार्यक्रम समापन एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश एवं निर्वतमान विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी रहे।अपने उद्बोधन में माननीय सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि खेलकूद छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास का सर्वोत्तम माध्यम है,ये विद्यालयीय प्रतियोगिताए ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती है।जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने में खेल भावना अत्यन्त उपयोगी होती है।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ इंद्रनाथ मिश्र एवं मोती लाल नेहरू पी०जी० कॉलेज के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार मिश्र बाबुआन रहें।संपन्न स्पर्धा में क्रमशः सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मी० एवं 600 मी० में रिचा गुप्ता 200 मी० में सपना,400 मी० में रिया,गोला फेंक में मीनाक्षी, लंबी कूद में कृति पाण्डेय,ऊंची कूद में मानशी कुशवाहा, जूनियर बालिका 100मी० एवं 200मी० में साक्षी पाण्डेय,400 मी० में रिया गुप्ता,1500 मी० में शालू साहू,गोला फेक में बबिता, डिस्कस में लक्ष्मी,भालाफेंक में अल्का, लंबी कूद में रिया,ऊंची कूद में गौसिया, सीनियर बालिका 100मी० में रोशनी,200मी०,800 मी०एवं 1500 मी० में मनीषा पटेल एवं 400 मी० में सुमेरा, सब जूनियर बालक 100 मी० एवं 400 मी० में समशेर,200मी० में अभिषेक,600 मी० में रजत, जूनियर बालक वर्ग के 200 मी० में गौरव,400 मी० में आशीष,800 मी० में शेखर गौड़,1500 मी० में रजनीश,3000मी० में लाल साहब,सीनियर बालक 100 मी० में अभिषेक,200मी० में आदर्श,400मी० में अभिषेक,800 एवं 1500मी० में मनोज का चयन जिले के लिए हुआ।उक्त कार्यक्रम में तहसील करछना संयोजक मदन मोहन शंखधर,मंडलीय मंत्री अनुज पाण्डेय,प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कालेज ज्योत्सना सिंह,जिलाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ राम प्रकाश पाण्डेय,डॉ संतोष सिंह,नागेन्द्र पाण्डेय,कृष्ण प्रकाश तिवारी,डॉ रास बिहारी यादव,संजीव तिवारी,डॉ वी०एन० पाल,विनोद कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं खेल प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयोजक प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय एवं प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन बुलंद प्रताप राय, राजेन्द्र पाण्डेय एवं शिवराज यादव के दिशानिर्देशन में सम्पन हुआ एवं कार्यक्रम का संचालन रवि प्रकाश पाण्डेय ने किया।

## आटो रिक्शा पलटने से दो घायल

**फूलपुर।** फूलपुर से प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार आटो रिक्शा बाबूगंज के सीताराम सिंह इंटर कॉलेज के सामने अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव के सीताराम सिंह इंटर कॉलेज के सामने बुधवार शाम 7 बजे फूलपुर से सवारियां बैठाकर प्रयागराज जा रही तेज रफ्तार आटो रिक्शा बाइक सवार को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर पलट गई। आटो में सवार झूंसी थाना क्षेत्र के छतनाग निवासी लाल बहादुर भारतीय उम्र 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में दायें पैर व हाथ में गंभीर चोटे आ गई। दूसरे घायल राम बहादुर पाल 45 पुत्र उजरी पाल निवासी तेंदुई थाना सराय इनायत को भी गंभीर चोटे आ गई। सूचना पर पहुंची इफको चौकी की पुलिस ऑटो रिक्शा को अपने कब्जे में लेते हुए घायलों को इलाज के लिए बाबूगंज के एक स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# न्याय पंचायत महुली में ब्लॉक के सभी ग्रामों को तोहफा

**देवघाट में दो सौ बीघा भूमि पर गौ अभ्यरण केंद्र बनेगा,बीडीओ कोरांव,**

**सभी ग्राम पंचायतों के मवेशियों के लिए सुविधा और सराहनीय कदम,प्रधान अल्हवा**

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन कोरांव की बैठक सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। प्रधान संगठन के मंडल मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान अल्हवा सोशल वर्कर के प्रस्ताव पर सैकड़ों बीघा ग्राम समाज की दुरपयोग हो रही भूमि पर पूरे ब्लॉक के गांवों के सुविधा हेतु एक गौ अभ्यारण केंद्र बनाए जाने की बीडीओ कोराव ने सहमति जताई,और ग्राम पंचायत देवघाट प्रधान को पूरी तैयारी कर भूमि प्रबंधक समिति का प्रस्ताव एसडीएम के यहां भेजने और मनरेगा से आईडी बनाने को कहा । प्रधानों के उक्त प्रस्ताव पर बीडीओ धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि खाली पड़ी दो सौ बीघा भूमि जो जंगल के किनारे है, उसकी बैरिकेटिंग कराकर मवेशियों की सुविधा के लिए सारी व्यवस्था मनरेगा और जिले ब्लॉक और सासन स्तर से सुविधाएं व्यवस्थित कराई जाएगी। प्रधान सिवलाल कनोजिया ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि मेरे पड़ोसी ग्राम प्रधान शहजादे जी की सोच अत्यंत सराहनीय है। उक्त व्यवस्था के लिए सहमत हैं। इससे इस ब्लॉक में हिरण अभ्यारण के बजाय गौ अभ्यारण केंद्र बनना हर्ष की बात होगी। वार्ता में ब्लॉक अध्यक्ष रामानुज यादव सहित कई प्रधान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की बैठक सम्पन्न

**एस0डी0एम/सहायक पुलिस आयुक्त संयुक्त रूप से क्षेत्रों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें**

**पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**

**बीट स्तर पर पुलिस की व्यवस्था पर्याप्त रहे**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में दुगार्पूजा मेला एवं मूर्ति विसर्जन के सकुशल आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में बुधवार को संगम सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं सहायक पुलिस आयुक्तों को संयुक्त रूप से भ्रमण कर- के सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने एवं संवेदनशील स्थानों का भी अवश्य भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पूर्व में निर्धारित रूट के अनुसार ही जुलूस एवं प्रतिमाओं का विसर्जन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस एवं डॉक्टरों की टीम की उपलब्धता कराये जाने के लिए कहा है। विसर्जन स्थलों को चेक लिस्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ को देखने के लिए कहा है। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि लाइट, बिजली आदि के तारों को अवश्य देख ले तथा उसे दुरूस्त करा ले और रूट वाइज मूर्ति विसर्जन या जुलूस निकालने है, उसका सेफ्टी प्रमाणपत्र अवश्य दे। बिजली, पानी और साफ-सफाई में कहीं पर भी कमी नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण कर दशहरा मेला व दुगार्पूजा वाले स्थानों की सड़कों को शत-प्रतिशत गड्ढ़ा मुक्त करने के लिए कहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को ढीले व जर्जर तारों को ठीक कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भ्रमण कर ले तथा जो भी मेला रूटों में कमियां है, उसे तत्काल ठीक करा लें। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डी0पी0आर0ओ0 को साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। फूड अधिकारी को निर्देशित किया है कि जो उचित मूल्य है, उसी पर सामनों की बिक्री की जाये तथा गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने अग्निशमन अधिकारी को पूजा पण्डालों में अग्निशमन की घटनाओं की रोकथाम के लिए पूजा कमेटियों को अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि कोई भी गैर परम्परागत कार्य नहीं होगा। फोर्स की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। यातायात की व्यवस्था, डायवर्जन तथा पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों पर भी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहे। विसर्जन के समय ड्रोन कैमरों की भी व्यवस्था की जायेगी। अपराध निरोधक/सिविल डिफेंस तथा जो भी फोर्स से से सहयोगी विभाग है, उनकी शिफ्ट वाइस ड्यूटी लगायी जाये। फोर्स की ब्रीफिंग सही ढंग से कराये जाने का निर्देश दिया है। शहरी क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन थाना सरायइनायत, अन्दावा में महेन्द्र प्रताप डिग्री कालेज के सामने स्थित बड़ा तालाब पर किया जायेगा। जिलाधिकारी ने विसर्जन के लिए व्यवस्था हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। अधिशाषी अभियंता, बाढ़ कार्य खण्ड को मूर्ति के विसर्जन हेतु तालाब की खुदायी कराये जाने के साथ ही तालाब की मरम्मत व जेटी आदि कार्य, पुलिस विभाग को तालाब पर नाव व गोताखोरों की व्यवस्था, नगर निगम को तालाब के आस-पास सफाई, चूने आदि का छिड़काव, फिसलन से बचाव हेतु रैम्प तथा प्रतिमाओं को हटाये जाने तथा पर्याप्त संख्या में मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, यातायात विभाग को रूट डायवर्जन, यातायात की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स की व्यवस्था, विद्युत विभाग को विसर्जन स्थल पर प्रकाश व जनरेटर की व्यवस्था, मुख्य चिकित्साधिकारी को विसर्जन स्थल पर एम्बुलेंस, चिकित्सकों, दवाईयां व अन्य आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था, जलकल एवं जल निगम को विसर्जन स्थल पर पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर डीसीपी गंगापार, डीसीपी क्राइम सहित रामलीला एवं दुगार्पूजा कमेटी के पदाधिकारीगणों सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 38वीं अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**मैराथन रूट मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त कराये जाने के दिए निर्देश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में 19 नवम्बर, 2023 को होने वाली 38वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन की तैयारियों के सम्बंध में संगम सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभागों से सम्बंधित तैयारियों को समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। कहा कि खिलाड़ियों को मैराथन रूट में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को मैराथन मार्ग पर सेक्टर मजिस्टेट की तैनाती करने, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को मैराथन रेस मार्गों की मरम्मत कराने तथा नगर निगम को साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मार्गों पर आवश्यक दवा की किटों के साथ-साथ एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। उन्होंने पुलिस अधीक्षक यातायात को टैफिक की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिलाधिकरी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मैराथन के समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, सिटी मजिस्टेट क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती विमला सिंह, डीसीपी यातायात सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जल क्षेत्र में महिलाओ की भूमिका पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवम जी आई जेड और जिला गंगा समिति प्रयागराज के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वूमेन एंड वाटर डॉयलॉग सीरीज कार्यक्रम का आयोजन बोट क्लब पर किया गया ' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था जो महिलाएं जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं, महिलाएं जो अपनी नौकरियों और व्यवसायों में पानी के साथ काम करती हैं उन्हें जल संवाद के माध्यम से अपने अनुभवों, गतिविधियों, सफलताओं और निराशाओं को साझा करना ।कार्य क्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक अशोक कुमार , श्रमिक आयुक्त सौम्या पाण्डेय ,सुपरना राय , प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलागी , जी आई जेड की कार्यक्रम निदेशक लौरा सस्टेरीक, अंजना पंत , जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न विभागों से प्रतिभाग किया और अपने व्यवसाय में आने वाले समस्या को लेकर चर्चा करी और उसके समाधान के बारे में बताया ' कार्यक्रम का संचालन अनुमपा द्वारा किया गया ' मौके पर महानिदेशक ने कहा देश की प्रगति के लिए महिलाओ के सशक्तकारण आवश्यक है' जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव और लक्ष्यों को हासिल करने में महिलाओं का प्रमुख योगदान रहा है ' डी एफ ओ महावीर कौजालगी ने कहा जल प्रबंधन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस प्रकार का कार्यक्रम से महिलाओ को एक अच्छा मंच प्रदान किया है जिसे उनकी जल छेत्र में भूमिका बढ़ेगी' श्रमिक आयुक्त सौम्या पाण्डेयने अपने अनुभव साझा करते हुए ग्रामीण स्तर पर महिलाओ की सफल योगदान के सकारात्मक बदलाव पर चर्चा करी। जी आई जेड की अंजना पंत ने कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया' जिला परियोजना अधिकारी ने बताया इस पर्यावरणीय संकट से महिलाएं भी सबसे अधिक प्रभावित होती हैं इस लिए हमे उन्हें उद्धार के लिए कार्य करना होगा' कार्यक्रम का समापन संगीत कार्यक्रम से किया गया ' कार्यक्रम में गंगा पहरी, स्वयं सहायता समूह,शिक्षाविद, सरकारी गैर सरकारी संगठन, आदि महिलाएं उपस्थित रही।

## अस्पताल के सामने खडी बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित एक अस्पताल के सामने खडी बाइक अज्ञात चोर उडा दिए।भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रतापगढ़ के थाना हथिगवां के ग्राम जहानाबाद मन्ठन निवासी रंजीत यादव पुत्र बच्चा लाल मऊआइमा स्थित एक अस्पताल में आए थे। बाइक खडी करके अस्पताल चले गए वापस आने पर बाइक नदारद थी। रंजीत यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## वार्षिक जलसा का आयोजन आज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मोहल्ला नई बस्ती खान पुर धनिया मस्जिद के पास का वार्षिक जलसए आम गुरुवार 12 अक्टूबर को बाद नमाज ईशा रात आठ बजे आयोजित किया जाए गा।जिस में मौलाना मुफ़्ती हबीबुर्रहमान साहब कासमी मऊआइमा, मौलाना अब्दुल्ला साहब कासमी प्रतापगढ़, मौलाना वसीम अहमद साहब मजाहरी मऊआइमा, मौलाना माज अहमद साहब बागी मऊआइमा आदि शिरकत फरमा रहे है। उक्त जानकारी की जानकारी मो फैजान ने दी है।

# माफियाओं की हत्याओं से सहम गया माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव

**अदालत में पेशी पर आने से किया इनकार**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अंडर वर्ल्ड डॉन दाऊद के लिए चुनौती बन चुके माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव को अपनी जान का डर सताने लगा है। प्रयागराज के सर्राफ पंकज महिंद्रा के बहुचर्चित अपहरण कांड में गवाही के लिए बरेली जेल से प्रयागराज आने इनकार कर दिया। अदालत से जेल अधीक्षक और अपने वकील के जरिए कहा कि इतने लंबे सफर में उसकी जान को खतरा हो सकता है। इसलिए उसकी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से करवाई जाएं। बरहाल, अदालत का फैसला देर शाम तक आएगा। अगर अदालत में माफिया डॉन की अर्जी स्वीकार न की तो उसे अदालत में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होना होगा।बरेली जेल में बंद पूर्वांचल के माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव सर्राफ पंकज महिंद्रा के बहुचर्चित अपहरण कांड में गवाही के लिए जिला सत्र न्यायालय में पेश नहीं हुआ। जेल अधीक्षक बरेली के जरिए अदालत से कहा है कि उसे जान का खतरा है, उसको वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश होने की अनुमति दी जाएं। गौरतलब है की प्रयागराज में वर्ष 2015 में सराफा व्यवसाई पंकज महिंद्रा के बहुचर्चित अपरहरण कांड में 313 का बयान दर्ज करवाने के लिए इलाहाबाद जिला न्यायालय में गैंगेस्टर की विशेष अदालत ने माफिया डॉन को बुधवार को अदालत में तलब किया था। अदालत ने प्रयागराज के जिलाधिकारी पुलिस आयुक्त और बरेली जेल के अधीक्षक को निर्देशित किया था कि उसे हर हाल में बुधवार को अदालत में पेश करना सुनिश्चित करें। लेकिन बरेली जेल में बंद माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव ने बरेली से प्रयागराज आने से इंकार कर दिया, कहा की उसे जान का खतरा है।

**वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गुजारिश की :** इलाहाबाद गैंगस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विकास कुमार श्रीवास्तव की अदालत उसकी तरफ से पेश वकील ने भी उसकी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कराने की गुजारिश की है। प्रयागराज के सर्राफ पंकज महिंद्रा के बहुचर्चित अपहरण कांड को अंजाम देने वाले माफिया का बयान अदालत में दर्ज किया जाना था।वर्ष 2015 में उसके इशारे पर अगवा हुए सर्राफ पंकज महिंद्रा मामले का विचारण गैंगेस्टर को विशेष अदालत में चल रहा है। 30 सितंबर को अभियोजन की गवाही शनिवार को पूरी हो चुकी है। अभियोजन की ओर से 21 गवाहों को पेश किया गया है। इसके बाद तीन अक्तूबर से मुल्जिमों का बयान दर्ज करने की कार्यवाही शुरू हो गई है। इसी कड़ी में माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव की 313 दंड प्रक्रिया संहिता का बयान बुधवार को दर्ज किया जाना था।

# पीडीए ने नैनी क्षेत्र में कई नए मोहल्लों की नाप जोक की



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने नैनी के कई नए मोहल्लों में सडक चौड़ीकरण के लिए नाप करने के साथ ही लाल निशान भी लगा दिया है। इससे पहले नैनी लेप्रोसी से मेवालाल की बगिया और एडीए मोड़ पर सैकड़ो घरों को नोटिस देने के बाद बुधवार को चकदोन्दी (कसाई मोहल्ला) और खरकौनी से गंजिया होते हुए अरैल रोड पर नाप करके लाल निशान लगा दिया। चकदोन्दी में बीच सड़क से दोनों ओर छह मीटर एवं खरकौनी और गंजिया में बीच सड़क से दोनों ओर 20 फिट निशान लगाया है। गंजिया निवासी सपा नेता ने सरकार से मांग की है कि चौड़ीकरण में बेघर होने वाले गरीबो को या तो मुआवजा दिया जाए या फिर उनके रहने की कोई व्यवस्था की जाए।

# समाज के वंचितों के कल्याण व विकास के लिए ऊर्जा निगम प्रतिबद्ध : सुनील कुमार

**मेजा ऊर्जा निगम और सिपेट के मध्य कौशल विकास हेतु रीता जोशी की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर**




अखंड भारत संदेश

**मेजा।** बुधवार को मेजा ऊर्जा निगम (एमयूएनपीएल) ने अपने परियोजना प्रभावित गांवों के 30 उम्मीदवारों को 90-दिवसीय आवासीय कार्यक्रम के लिए प्रायोजित करने के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रो केमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सीआईपीईटी लखनऊ के साथ एक समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। लखनऊ में उक्ळएळ परिसर में कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित उम्मीदवार प्लास्टिक प्रसंस्करण में मशीन ऑपरेटर सहायक बनने हेतु 480 घंटे लंबे सर्टिफिकेशन कार्यक्रम में प्रशिक्षित होंगे।समझौते पर सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और एमयूएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। समझौते में एमयूएनपीएल की ओर से अखिल के.पी. पट्टनायक, एजीएम (एचआर) एवं सिपेट की तरफ से रतन कुमार निदेशक एवं प्रमुख, सिपेट लखनऊ केंद्र ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद ने सरकार द्वारा शुरू किए गए कौशल भारत मिशन के अनुरूप आयोजित इस पहल के लिए एमयूएनपीएल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एमयूएनपीएल को ग्रामीण महिलाओं और युवाओं की आय बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहने का सुझाव दिया। एमयूएनपीएल के सीईओ सुनील कुमार ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया और समाज के वंचित वर्गों के कल्याण एवं विकास के लिए अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत प्रयास जारी रखने के लिए मेजा ऊर्जा निगम की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## रोजगार मेले में 955 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा बुधवार को के0पी0 उच्च शिक्षा संस्थान, झलवा, प्रयागराज परिसर में मण्डल स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया । इस रोजगार मेले का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर उमेश चन्द्र गणेश केशरवानी जी द्वारा किया गया । महापौर ने बेरोजगार नवयुवकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने हेतु उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सेवायोजन कार्यालय के सार्थक प्रयास को सराहा गया। सहायक निदेशक(सेवा0) रत्नाकर अस्थाना द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तथा इस रोजगार मेले में अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु कम्पनियों को उन्हें यथोचित कार्य प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान मैनेजिंग डायरेक्टर ओ0पी0 पाण्डेय द्वारा की गयी । विद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती शारदा पाण्डेय, जिला सेवायोजन अधिकारी चन्द्रकान्त सिंह, संस्थान के प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा सेवायोजन कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी एवं संस्थान के समस्त अध्यापक/ अध्यापिकाओं द्वारा मेले को सफल बनाने में अथक प्रयास किया गया । कार्यक्रम का संचालन एवं कैरियर काउंसिलिंग विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 द्वारा की गयी। धन्यवाद ज्ञापन मेला अधिकारी प्रशान्त द्वारा द्वारा किया गया। मेला प्रभारी मारूफ अहमद द्वारा सभी कम्पनियों का क्वार्डिनेशन किया गया ।उक्त वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा कुल 955 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 2095 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

# पीड़िता अपना हक पाने के लिए आत्मदाह की दी चेतावनी के बाद जागा प्रशासन



**एसडीएम, एसीपी थानाध्यक्ष की टीम करेंगी स्थलीय निरीक्षण**

**करछना।** प्रार्थिनी चन्दो देवी पत्नी रामअभिलाष निवासी मौजा सेमरी ता. पुरवा, थाना करछना ने अपनी भूमि वापस पाने के लिये लगातार एक वर्ष तक उप जिलाधिकारी करछना, थानाध्यक्ष करछना, पुलिस अधीक्षक यमुनापार, अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज और पुलिस आयुक्त प्रयागराज का दरवाजा खटखटाया किन्तु कहीं भी असहाय विधवा की सुनवाई नहीं हुई और न ही उसकी पट्टे वाली जमीन वापस दिलाने का किसी ने कष्ट किया तो दलित उत्पीड़न के अपराध में सवर्ण जाति के मिश्री लाल पाल पुत्र छोटेलाल पाल और सुधरी देवी पत्नी मिश्री लाल पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिये प्रर्थिनी पुलिस उपायुक्त यमुनानगर की अनुलस्थिति में अपर पुलिस उपायुक्त अपराध से अपना दुखड़ा सुनाया जहां पर एसीपी करछना द्वारा दोबारा जांच कर विपक्षीगण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाते हुये प्रर्थिनी की जमीन वापस दिलाने का निर्देश दिया तो वही दूसरी ओर चन्दो देवी ने मुख्यमंत्री उ. प्र., डीजीपी पुलिस मुख्यालय, पुलिस आयुक्त प्रयागराज के साथ अध्यक्ष, निदेशक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भी प्रार्थना पत्र भेजा। प्रर्थिनी ने रजिस्टर्ड डाक के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर आईजीआरएस पर भी जन सुनवाई के तहत शिकायत की और बताया कि बलिया, कौशाम्बी और कानपुर हत्या काण्ड की तरह उसके साथ भी बड़ी बारदात हो सकती है क्योंकि विपक्षीगण बात बात में बोलते रहते है कि की उनके कब्जे से जमीन छीनी गयी तो लाश ही लाश गिरेगी। प्रर्थिनी को शंका है कि मिश्री लाल पाल का पुत्र सुधीर जो आपराधिक प्रवृत्ति का गुण्डा आदमी है वो कुछ भी कर सकता है। थाना करछना अंतर्गत एक नाबालिक बच्चे की हत्या में पुलिस प्रशासन की व्यस्तता की वजह से अब निरीक्षण का काम आज दोपर 02 बजे एसडीएम, एसीपी और थानाध्यक्ष करछना की टीम द्वारा मौका मुवायना के बाद ही विपक्षीगण के विरुद्ध कार्यवाही होगी। प्रर्थिनी के साथ कोई आपराधिक घटना न घटे के बावत पदम संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने प्रर्थिनी चन्दो देवी की सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है जिसकी जानकारी खुफिया विभाग को दे दी गयी है।

# स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन ने विश्व विद्यालय प्रशासनिक भवन में शुरू किया अनशन

**सात सूत्रीय माँगो के न माने जाने तक अनवरत जारी रहेगा अनशन : हृदय**



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह उर्फ. रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की जा रही मनमानी वसूली के खिलाफ सम्बद्ध महाविद्यालयों से जुड़े प्रबंधकों ने विश्व विद्यालय के प्रशासनिक भवन में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन एफ के पी पी (एन आर) प्रयागराज , उत्तर प्रदेश के बैनर तले एसोसिएशन से जुड़े प्रबन्धकों ने रजिस्ट्रार हटाओ विश्वविद्यालय , महाविद्यालय बचाओ । कुलपति से बैर नहीं , रजिस्ट्रार की खैर नहीं। आदि श्लोगन लिखे बैनर लगाकर अपनी माँगो के लिए अनशन रत हो गए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष हृदय त्रिपाठी एवं सचिव आशीष दुबे ने संयुक्त रूप से बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भिन्न - भिन्न प्रकार से यू एफ एम डिबार, परीक्षा शुल्क विलम्ब शुल्क, प्रोफेशनल कोर्स दंड शुल्क ,फीस विधि , डिग्री शुल्क , डिग्री भेजने का डाक शुल्क आदि मदों में भिन्न भिन्न प्रकार से अवैध वसूली की जाती है जिसका खामियाजा महाविद्यालय प्रबंधकों को भुगतना पड़ता है। एसोसिएशन के दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगभग 32 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की गई तथा उसका बंदरबांट कर लिया गया। जिसका आरोप छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा महाविद्यालय के प्रबंधकों पर लगाया जाता है जिससे आजिज आकर एसोसिएशन ने सात सूत्रीय माँग पत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सौंपते हुए प्रशासनिक भवन में अनशन शुरू कर दिया है। सात सूत्रीय माँगो में प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय द्वारा बढ़ायी गई शुल्क वापस ली जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित शुल्क ही वसूली जाय। सभी कोर्सों में प्रवेश हेतु कम से कम 20 अक्टूबर तक बिना किसी विलंब शुल्क के लागिन खोली जाए एवं सात कार्यदिवस तब फीस जमा करने का मौका दिया जाए , प्रोफेशनल कोर्स में लगायी गई पेनाल्टी वापस ली जाए , गोरखपुर एवं कानपुर विश्वविद्यालय की तरह परीक्षा वार्षिक ही कराई जाए । अर्धवार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा महाविद्यालय को अपने स्तर से कराने की अनुमति प्रदान की जाए , विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क वार्षिक लिया जाए , यू एफ एम द्वारा डिबार किए गए समस्त महाविद्यालयों को बहाल किया जाय तथा यू एफ एम से प्रभावित समस्त छात्र छात्राओं के भविष्य को देखते हुए छात्र हित में रिजल्ट जारी किया जाए।आदि माँगो को लेकर एसोसिएशन से जुड़े महाविद्यालय प्रबंधकों ने आज से अनशन जारी कर दिया है एसोसिएशन के अध्यक्ष हृदय त्रिपाठी का कहना है कि जब तक हमारी माँगो पर समुचित निर्णय नहीं लिया जाता है अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा जिसके लिए उपजे किसी स्थिति परिस्थिति के लिए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ज़िम्मेदार होंगे।

## दो बहनों के आपसी झगड़े में बडी बहन गायब मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो बहनों के बीच आपसी झगडे में बडी बहन रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बालाडीह अहिरान गांव निवासी गुलशन कुमार यादव पुत्र अमृल लाल का कहना है कि सोमवार को उसकी बडी पुत्री कल्पना 17 वर्ष और छोटी पुत्री रेनू आपस में कहासुनी कर रहे थे। बताया गया है कि इसी लडाई झगड़े से नाराज होकर कल्पना शाम सात बजे रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। किन्हीं अनहोनी से परिजन सहमे हुए हैं। और मऊआइमा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## बीडीसी को घर में घुस कर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के सिसवां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर बीडीसी को घर में घुस कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। बीडीसी ने थाने में तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिसवां गांव निवासी राम कैलाश पटेल पुत्र राम सुमेर गांव के बीडीसी हैं। राम कैलाश का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी उसे घर में घुस कर मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिया। राम कैलाश ने थाने में तहरीर दे कर गांव के ही अजमत अली पुत्र जान आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भदारी, वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज

पत्रांकः मनरेगा/निविदा-2023-24 | **टेण्डर/कोटेशन** | दिनांक 29-09-2022

मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो पर कार्य कराने हेतु पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों सं अल्पकालीन निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30.09.2023 से दिनाक 14.10.2023 को सायं 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। पंजीकृत फर्म ही अपना निविदा उक्त तिथि तक कार्यालय से प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं निविदा फार्म के साथ 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी जमा करनी होगी। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है। निविदा दिनांक 14.10.2023 को सायं 3.00 बजे ग्राम पंचायत सचिव कक्ष में उपस्थिति ठेकेदारों के समक्ष गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव भदारी प्रतापपुर को होगा।

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन की अनुमानित धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि प्रतिशत की दर से | कार्य पूर्ण करने का समय | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम सभा भदारी में धौरहरा पक्की सड़क से नदी तक पक्की नाली का निर्माण कार्य | 2.479 | 200.00 | 2 प्रतिशत | 1 माह | मनरेगा |

ग्राम प्रधान
भदारी प्रतापपुर

ग्राम पंचायत सचिव
भदारी प्रतापपुर

# महिला अस्पताल में मिली खामियां, राज्यमंत्री ने मांगा जवाब

## निरीक्षण करने गए मंत्री को देख वार्ड से गायब हो गई मैट्रन, मरीज ने वार्ड से बाहर करने की शिकायत की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अरविंद पटेल ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज की महिला विंग (महिला अस्पताल) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वॉर्ड में खामियां मिली। मरीज ने वार्ड से बाहर करने की शिकायत की। इन सभी का जवाब एसएमएस से मांगा है। हालांकि उनके जाते ही शिकायत करने वाले अपनी बात से पलट गए। महिला अस्पताल पहुंचे मंत्री अरविंद पटेल को सर्जिकल वार्ड में गड़बड़ी मिली। बिस्तर, चादर और खटिया अस्त व्यस्त थे। गंदगी फैली थी। कार्यवाई के डर से मैट्रन तो वार्ड से ही भाग ली। एसएनसीयू वार्ड के सामने महिला तीमारदार ने वार्ड से बाहर करने का आरोप स्टाफ पर लगाया। जबकि उसका आशय दूसरा था। हालांकि बाकी चीजों से वे संतुष्ट नजर आए। खास बात यह है कि सीएमएस को छोड़ बाकी जो भी इंचार्ज हैं वे अपनी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाह दिखे। जिसके कारण मंत्री थोड़ा नाराज हुए। उन्होंने शिकायतों के बारे में सीएमएस से जवाब मांगा है। शिकायत करने वाली महिला मरीज से सीएमएस ने लिखित शिकायत देने को कहा तो उसने आरोप से किनारा कस लिया। बोली कि स्टाफ सभी तीमरदार को बाहर निकाल रहा था। ताकि अन्दर बच्चे की इंफेक्शन न हो। वह उस बात को बाद में समझ पाई। यहां से निकलकर मंत्री मेडिकल कालेज गए और वहां की सुविधाओं से रूबरू हुए। प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव से व्यवस्थाओ को लेकर काफी देर तक चर्चा हुई।

### बाल रोग विशेषज्ञ से भिड़ा मरीज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाहर की दवा न लिखने पर एक मरीज बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार से भिड़ गया। जब उन्होंने अंदर की दवा से भर्ती मरीज का इलाज कराने की सलाह दी तो वह सीएमएस से पैसा लेने की झूठी शिकायत करने पहुंच गया। सीएमएस की जांच में आरोप गलत साबित हुए। बता दें कि बाहर की दवा लिखने पर मनाही है। प्रिंसिपल ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। मरीज हैं कि बाहर की दवा लिखने के लिए डाक्टर पर दवाब डालते हैं लड़ाई करते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा भरा गया अमृत कलश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश चावल से भरा गया तथा रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र हित में कार्य करने की बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रत्येक स्वयं सेवक समाज और राष्ट्र का प्रहरी है। सभी स्वयंसेवक अंतर्मन से प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि देश और समाज के लिए हमे अपना कर्तव्य निभाना होगा। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सीमा त्रिपाठी एवं डॉ फणीन्द्र



मां सरस्वती के चित्र पर पूजन करते प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्र।

नारायण मिश्र ने मिलकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को पूर्ण कराया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण महाविद्यालय उपस्थित रहा। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

# दिलीपपुर में सपाईयों ने मनाई मुलायम सिंह की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा के विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा दिलीपपुर में समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व रक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव (नेताजी) की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। यह कार्यक्रम अगुवा जोनल प्रभारी विकास यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय, सपा जिला सचिव अरविंद यादव उर्फ गुड्डू नेता, संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष स्वामीनाथ यादव, प्रवीण यादव, महेश सरोज, राजकुमार यादव,



मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

रमाशंकर पटेल, रामसूरत यादव, महमूद आलम सेक्टर प्रभारी, संस्कृति प्रकोष्ठ के विधानसभा रानीगंज के उपाध्यक्ष राजाराम पटेल, कन्हैया लाल गौतम, बीडीसी राकेश यादव, पूर्व प्रधान शमशाद खान, रमाकांत यादव, गोपाल यादव, अफाक खान, चंद्रजीत, राजू यादव, अखिलेश यादव एडवोकेट, भूपत, जयसिंह गौतम व समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाले सिंह के निधन पर एलायंस क्लब ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इन्टरनेशनल प्रतापगढ की एक बैठक क्लब के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह उर्फ बाले के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा की बाले भैया के निधन से समाज की बहुत बडी क्षति हुई है जिसे पुरा नही किया जा सकता है। भगवान इस दुख की घडी मे परिवार को सहन शक्ति दे। अन्त मे दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोक प्रकट करने वालों में सुरेश चन्द्र पाण्डेय, छेदीलाल, देवानंद, सन्तोष कुमार, सुरेश अग्रवाल, श्रवण कुमार, सूरज, दिनेश सिंह, दिन्नु, सजय खण्डेलवाल, विपिन गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, प्रिंश, सौरभ दिवेदी, राजू अग्रवाल, विकास आदि ने शोक व्यक्त किया।

# कांग्रेस दलित बस्तियों में जाकर भराएगी दलित अधिकार पत्र

## नौ अक्टूबर से 26 नवम्बर तक कांग्रेसी जाएंगे दलित बस्तियों में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नौ अक्टूबर से 26 नवम्बर तक प्रदेश के सभी जिलों में स्वाभिमान के वास्ते संविधान के रास्ते नारे के साथ दलित बस्तियों में कांग्रेसी जाकर दलित अधिकार पत्र भराएंगे। इसके तहत दलित



पत्रकारवार्ता में बोलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

समाज के डाक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक, प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों को दलित अधिकार पत्र भराया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने आगे बताया कि प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में 500 दलित अधिकार पत्र भराए जाएंगे। अधिकार पत्र भरवाए जाने के बाद कांग्रेसजन अपनी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष अपने प्रभार के जनपद में पांच मांग पत्र, प्रदेश महासचिव 15 मांग पत्र व प्रदेश सचिव को पांच पत्र जनपद में भराना होगा। इस प्रक्रिया में विधान सभा का चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों एवं ब्लाक अध्यक्षों की जिम्मेदारी प्रत्येक विधान सभा में दस रात्रि चैपाल का भी आयोजन करना होगा। इसके बाद लोक सभा क्षेत्र में बैठक कर कोर ग्रुप का गठन किया जाएगा और मण्डल स्तर पर पदयात्रा निकाली जाएगी। पत्रकारवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, जनपद प्रभारी रणजीत सिंह सलूजा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल व मीडिया प्रभारी वेदान्त तिवारी मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय सब जूनियर बालक वर्ग की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता आज से शुरू

## प्रयागराज की टीम ने गोंडा को दी करारी शिकस्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** क्रीड़ा विभाग एवं कबड्डी एसोसिएशन के समन्वय से स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को तीन दिवसीय सबजूनियर बालक वर्ग प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, उ.प्र.कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया।

उद्घाटन मैच में कानपुर और लखनऊ की टीम 41-41 अंक के साथ बराबरी पर रहीं। दोनों को एक-एक अंक दिया गया। प्रयागराज



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

ने देवीपाटन (गोंडा) को 38-03 से करारी शिकस्त दी। गोरखपुर ने अयोध्या टीम को 37-26 से हराया। मेरठ ने बस्ती को 37-26, आजमगढ़ ने झांसी को 34-26, सैफई हास्टल ने अलीगढ़ को 49-17 के अंतर से पराजित किया। पीके पांडेय, दसरथ पाल, मो.अकरम, मीतू सिंह, वीरेंद्र पाल, कन्हैया लाल, हुबलाल, कमलेश, मनोज सिंह निर्णायक रहे जबकि शिखा सिंह, प्रशांत सिंह, शशि सिंह, गोपी यादव, विनीत, मो.आसिफ ने स्कोरिंग किया। क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज एवं जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आदित्य शुक्ल, रंजीत यादव ने किया। रेफरी बोर्ड के चेयरमैन सुरेश कुमार सिंह, उपनिदेशक एनवाईके एसबी सिंह, युवा कल्याण अधिकारी केशव कुमार सिंह, कर्मराज सिंह मंजीत, अरुण कुमार मौर्य, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, डा.शमीम खान, शिक्षक नेता रमाशंकर शुक्ल, विनय सिंह, लालजी त्रिपाठी, विद्यासागर सिंह, सचिन शुक्ल, बुद्ध प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### 18 मंडल और दो छात्रावास की टीम कर रहीं प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्य स्तरीय सबजूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में 18 मंडल व दो छात्रावास की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, मिजार्पुर, गोरखपुर, अयोध्या, देवीपाटन, आगरा, मुरादाबाद, चित्रकूट, मेरठ, आजमगढ़, बस्ती, झांसी, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, सैफई छात्रावास, अमेठी छात्रावास की टीमें शामिल हैं।

# सवारी कम होने पर नहीं चलेगी रोडवेज की बस

## रास्ते मे सवारी कम होने पर दूसरी बस में शिफ्ट होंगी सवारियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बिना सवारियों के सड़कों पर रोडवेज की बसें अब फरार्टा भरती नही नजर आएगी। अब बस में 25 सवारी से कम होने की दशा में बस का संचालन नही किया जाएगा।इतना ही नही यात्रा के दौरान यदि बसों में सवारी मानक से कम होंगी तो उन्हें दूसरी बसों से गन्तब्य तक भेजा जायेगा। यह भी तय किया गया है कि यातायात निरीक्षक टिकट चेकिंग के दौरान सवारियों की गिनती करेगें।गौरतलब हो कि प्रतापगढ़ डिपो से प्रतिदिन कुल 58 बसों का संचालन किया जाता हैं। शीत

### घाटे से उबरने के लिए परिवहन निगम ने तय किये मानक

लहर का मौसम शुरू होने के साथ ही रात में बसों पर यात्रियों की संख्या काफी कम हो जाती है। ऐसे में बसे मात्र कुछ सवारियां लेकर ही सड़को पर दौड़ती दिखाई पड़ती है। जिससे परिवहन निगम को जहां काफी घाटा उठाना पड़ता है वही यह बसे अपना डीजल का खर्च भी नही निकाल पाती हैं। इसी के मद्देनजर परिवहन निगम ने सभी क्षेत्रीय प्रबन्धको को निर्देश दिया है कि रात में यदि रोडवेज की बस में 25 सवारियां हो जाय तभी बस को डिपो से रवाना किया जाय। इसके साथ यह भी निर्देश दिये गए है कि यदि रास्ते मे बसों में यात्रियों की संख्या मानक के अनुरूप नही रहती तो आस पास के जिले के रोडवेज के डिपो से सम्पर्क कर यात्रियों को दूसरी बसों के सहारे उनके गंतब्य तक पहुँचाया जाय। इस सिलसिले में प्रतापगढ़ डिपो के एआरएम पीके कटियार ने बताया कि शासन की ओर से यह आदेश मिलने के बाद जिले में यह नियम लागू कर दिया गया है। तथा सभी चालको व परिचालकों को भी इसके बारे में विस्तार से जानकारी दे दी गयी है।

# सपाईयों ने मनाई लोकनायक जय प्रकाश की जयंती

## उनके विचारों पर चलने का लिया गया संकल्प



लोकनायक जयं प्रकाश के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निदेर्शानुसार भारतीय स्वतंत्रता सेनानी समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण श्रीवास्तव का जन्मदिवस पर उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि देकर उनके व्यक्तित्व तथा विचारों पर चर्चा करते हुए गोष्ठी के रूप में मनायी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे।

जयप्रकाश नारायण जी गरीबों, वंचितो व शोषितों की बुलंद आवाज थे। उन्होने भेदभाव व ऊँच-नीच के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इनका जन्म 11 अक्टूबर सन् 1902 ई. में कायस्थ परिवार में हुआ था। उन्हें 1970 में इंदिरा गांधी के विरुद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। इन्दिरा गांधी को पदच्युत करने के लिये उन्होने सम्पूर्ण क्रांति नामक आन्दोलन चलाया था। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें लोकनायक के नाम से भी जाना जाता है। 1998 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया। सभी समाजवादी साथियों ने उनके बतायें हुए रास्ते एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गुलफाम खान, पारसनाथ यादव, निसार अहमद, रमेश पाठक, अश्वनी सोनी, विजय सिंह, हरीश शुक्ला, राजकुमार विश्वकर्मा, जियाउल इसहाक, असलम खान, डॉ.एजाज, रईस अहमद, राजकुमार यादव, वकार अहमद, लालसाहब सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# आर्थिक रूप से कमजोर बुजुर्ग व्यक्ति वृद्धावस्था पेंशन योजना का उठाएं लाभ

## जिले में 111093 वृद्धजनों को दिया जा रहा है वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि जनपद में समाज कल्याण विभाग 111093 वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन प्रतिमाह 1000 रुपए दी जा रही है। नई पेंशन स्वीकृत तकनीक का इस्तेमाल कर योजना को पारदर्शी बनाया गया है, समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गो को बेहतर कल और सम्मानजनक जीवन देने के लिये वृद्धावस्था पेंशन योजना चलायी जा रही है। इसके अन्तर्गत 11156 लाभार्थी चिन्हित किये गये है। प्रत्येक लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपए की पेंशन डीबीटी के माध्यम से तिमाही प्रदान की जा रही है। ज्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ वृद्धजनों को मिले इसे लेकर विभाग की ओर से सभी सम्भव प्रयास किये जा रहे है। योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना से लाभान्वित करने के लिये सरकार ने अथक प्रयास किये है। इसके आवेदन नियमों और पात्रता शर्तो को सरल बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के वे सभी बुजुर्ग व्यक्ति जो आर्थिक रूप से कमजोर है वह इस योजना का लाभ उठा सकते है।

इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश का निवासी होना जरूरी है। जरूरतमंद आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे ऊपर होनी चाहिये। आवेदक के पास पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक होना चाहिये। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपए और शहरी क्षेत्रों में वार्षिक आय 56460 रुपए से कम होनी चाहिये। इस योजना को पारदर्शी बनाने के लिये समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने तकनीक का भरपूर प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाये है ताकि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी इस योजना का लाभ आसानी से मिल सके। इसके अलावा लाभार्थियों को दोहरा भुगतान से रोका जा सके। इसके लिये प्रत्येक वर्ष मई और जून माह में योजना के लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाता है। सत्यापन के बाद चिन्हित मृतक और अपात्र पेंशनरों को पेंशन सूची से हटाकर उनकी जगह पात्र लाभार्थियों को प्रतिस्थापित किया जाता है। समस्त पात्र लाभार्थियों को समय से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करवाने के लिये उनके आधार प्रमाणीकरण और आधार सीडिंग की कार्यवाही की जा रही है। लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नम्बर को बैंक खातों से लिंक करवाया जा रहा है। आधार बेस्ड भुगतान के लिये लाभार्थी के खाते को आधार से एनपीसीआई पोर्टल पर सीडिंग किया जाना आवश्यक है जिसके लिये लाभार्थी द्वारा सम्बन्धित बैंक में आधार लिंक मोबाइल नम्बर और आधार व पासबुक ले जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी से आधार सीड कराया जा सकता है जिस हेतु सभी बैंक में विभाग द्वारा पेंशन योजना के लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिये गये है। ब्लाक एवं तहसील स्तर के एडीओ, वीडियो समाज कल्याण एवं सुरवाइजर द्वारा भी लाभार्थियों को बैंक ले जाकर ई-केवाईसी करायी जा रही है। बुजुर्गो को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटना पड़े इसके लिये सरकार ने आवेदन प्रक्रिया आनलाइन कर आसान कर दी है जो भी बुजुर्ग वृद्धापेंशन योजना का लाभ पाना चाहते है उन्हें इसके लिये आनलाइन आवेदन फार्म भरकर जमा करना होगा। इसके लिये इण्टरनेट कैफे, जनसुविधा केन्द्र या स्वयं द्वारा आनलाइन आवेदन वेबपोर्टल पर कर सकते हैं।

# नवाबगंज थाने को 9 हेड कांटेस्बिल मिले, 3 का हुआ स्थानांतरण

## नवागत उप निरीक्षक कुर्सी पर हुए काबिज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए जनपद के थाने मे जमे पड़े हेड कांटेस्बिलो का जनपद के ही थाने मे इधर से उधर किया अचानक हुई इस कारवाई से महकमा मे हड़कंप मचा हुआ है।पुलिस अधीक्षक की तबादला सूची मे नवाबगंज से उपेंद्र को अंतु, शिव नारायन को कोतवाली नगर व गुड्डू शाह को कोतवाली नगर भेजा गया। का0 राकेश सरोज को रानीगंज से नवाबगज,दीपक तिवारी पट्टी से नवाबगंज, अभिषेक सिंह पट्टी से नवाबगंज, राजेश खरवार आसपुर देवसरा से नवाबगंज, रमेशचंद्र अन्तु से नवाबगंज, शिवम कुमार कोतवाली नगर से नवाबगंज, विनोद कुमार कोतवाली नगर से नवाबगंज, हरदीप कुमार कोतवाली से नवाबगंज, का0 बलराज सिंह को पुलिस लाइन से नवाबगंज के लिए तत्काल प्रभाव से उनके सम्मुख स्थान से स्थानातरित किया गया। उधर स्थानांतरण किये गये उप निरीक्षकों मे नवाबगंज थाने मे नवागत उप निरी0 फतनपुर थाने से आये योगेंद्र सिंह व कोहडौर थाने से आये दिलीप कुमार पाल को बुधवार को नवाबगंज थाने मे कोतवाली इंचार्ज सुधीर कुमार सोनी की मौजूदगी में कार्यभार ग्रहण कर अपने स्टॉफ के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया और थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक में सभी से नवागत एस आई का परिचय कराया। इस मौके पर एस आई अमित सिंह, अनुप कुमार व थाने के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

### हड्डी सर्जन डॉक्टर सचिन कुमार ने किया जटिल आपरेशन

#### दो साल से परेशान युवक, इलाज में लाखों खर्च कर चुका था

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल में हड्डी के जटिल से जटिल आपरेशन अब आसानी से होने लगे हैं। जिससे मरीजों को काफी आसानी हो गई है। शनिवार को चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन कुमार ने एक युवक में विदेशी कूल्हे का प्रत्यारोपण कर उसे नया जीवन देने का प्रयास किया है। युवक पीछे दो वर्षों से ढंग से चल नहीं पाता था। सर्जरी के बाद अब वह पहले से ठीक हो जाएगा। डाक्टर ऐसा दावा कर रहे हैं। विश्वनाथगंज का रहने वाला निखिल एक हादसे में घायल हो गया था। उसके दोनो पैर,कमर और सिर की हड्डियों में चोट आई थी। बताया जाता है कि घर वालों ने कई अस्पतालों में उसका इलाज कराया। आराम नहीं हुआ। पिछले दो साल से वह चलने फिरने से भी असहाय हो गया था। कुछ दिनों पहले निखिल का डाक्टर सचिन ने इलाज शुरू किया।

# रास्ते में पानी भरा होने के विवाद में युवक ने मारी गोली, एक की मौत मां-बेटी घायल

## हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मचा हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा धुमाई के मजरा चमरौडी पर में आज बुधवार की शाम को रास्ते में पानी भरे होने के विवाद में युवक ने एक पल्लेदार को गोली मार दी जिससे पल्लेदार गंभीर घायल हो गया इस गोलीबारी कांड के समय मौके पर मौजूद रही एक महिला और किशोरी भी घायल हो गई हैं गंभीर घायलों को इलाज के लिए सिराथू अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने पल्लेदार की मौत की पुष्टि कर दी है अन्य दोनों घायल माँ बेटी का इलाज चल रहा है सूचना पाकर पुलिस अधिकारी समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है मौके पर कोहराम मचा हुआ है जानकारी के अनुसार रामनेवाज उम्र तकरीबन 45 वर्ष पुत्र भिक्कू निवासी ग्राम सभा धुमाई पल्लेदारी करता है पल्लेदारी कर वह बुधवार की शाम को घर वापस आया घर के पास पानी भरा था पानी भरा होने को लेकर राम नेवज और राहुल मे विवाद होने लगा विवाद होते देख मौके पर तमाम लोग एकत्रित हो गए घर के बाहर पार्वती 40 वर्ष पत्नी अमृत लाल वा विनीता पुत्री अमृत लाल अपने दरवाजे बैठी थी विवाद के दौरान राहुल ने फायरिंग शुरू कर दी जिससे मौके में भगदड़ मच गयी फायरिंग में राम नेवाज पार्वती विनीता सहित 3 लोग घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए सिराथू अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान राम नेवाज की मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया मौके पर अझुवा चौकी पुलिस अरुण कुमार मौर्य मय हमराही पहुँचकर शांति व्यवस्था में जुट गए हैं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सूचना पाकर पुलिस के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं आरोपी घर में ताला बंद कर पत्नी सहित फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है बताया जाता है कि आरोपी राहुल अवैध कट्टा बनाता है और यह मूल रूप से गांव बेरी थाना खखरेरू फतेहपुर का रहने वाला है और बीते 10 वर्षो से धुमाई गांव में घर बना कर रहता है सूत्रों की माने तो हमलावर के घर से पुलिस ने तमंचा फैक्ट्री बरामद की है।

## कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 10 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक धारा-144 लागू

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट डॉ0 विश्राम ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी, शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा दिनांक 03 अक्टूबर 2023 से 08 नवम्बर 2023 तक आयोजित परीक्षा व आगामी पर्व-महाराजा अग्रसेन जयंती, दशहरा (महाअष्टमी), दशहरा (महानवमी), दशहरा (विजय दशमी), महर्षि बाल्मिकी जयंती, सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती, वीरांगना उदा देवी शहीद दिवस, छठपूजा पर्व, गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस एवं गुरू नानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा/देव दीपावली आदि पर्वों को सकुशल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाना है उन्होंने बताया कि आसन्न राजनैतिक गतिविधियों के चलते यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओ को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकतें हैं, जिसके चलते लोक परिशान्ति एवं लोक व्यवस्था सहित विधि व्यवस्था एवं जनसुरक्षा प्रभावित हो सकती हैं अपर जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा व बल्वा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था व लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम करने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि सामान्य परिस्थितियों को छोड़कर जनपद कौशाम्बी के सीमा क्षेत्र में किसी भी स्थल पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति/व्यक्तियों का समूह, जिनके क्रिया-कलापों से लोक/शान्ति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा प्रभावित हो, एकत्रित नहीं होंगे, परन्तु यह प्रतिबन्ध शव-यात्रा, बारात या विवाह आदि समारोह पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति अपने पास लाठी, डण्डा, बॉस, बल्लम या किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र तथा आग्नेयास्त्र (फायर आर्म्स), धारदार हथियार या कुंद वस्तुएं, जिन्हें फेंककर प्रहार किया जा सकता है, लेकर न चलेगा और न ही एकत्रित करेगा अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि यह आदेश जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में एवं जनपद कौशाम्बी में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर दिनांक 10 अक्टूबर 2023 से दिनांक 28 नवम्बर 2023 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी होगा। विशेष परिस्थितियों में इस अवधि में इन आदेशों को संशोधित, परिवर्तित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## न्यूज झरोखा

### संदीपन घाट थाना में सम्भ्रांत लोगों के साथ आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस ने की बैठक



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर चौकी में आगामी दुर्गा पूजा नवरात्रि त्योहार की दृष्टिगत 11 अक्टूबर को थाना प्रभारी भुनेश चौबे की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ ग्राम प्रधान हर्रायपुर चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार समस्त स्टाप आदि उपस्थित रहे पीस कमेटी की बैठक क्षेत्र के मूर्ति स्थापना करने वाले संयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ कैंपस में आयोजित हुई गोष्ठी के दौरान संचालकों को शासन उच्च अधिकारियों, एवं कोविद 19 के गाइड लाइनों का अनुपालन करने हेतु थाना प्रभारी द्वारा हिदायत दी गई' थाना प्रभारी ने कहा कि मूर्ति व्यवस्थापित स्थान पर वॉलिंटियर्स नियुक्त कर समुचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करें' सुरक्षा के दृष्टिकोण से मौके पर बालू की बोरी पंडाल में पानी की व्यवस्था करें 'बिना अनुमति डीजे ना लगे उन्होंने कहा कि अनुमति के अनुसार ही निर्धारित किए गए आवाज पर ही लाउडस्पीकर बजे' गोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी लोगों से समस्याओं के संबंध में पूछने पर प्रथम दृष्टया कहीं पर कोई समस्या नहीं बताई गई फिर भी उन्होंने हिदायत की गई कि यदि कहीं पर कोई समस्या हो तो मुझे अथवा चौकी प्रभारी व संबंधित बीट कर्मचारियों को समय से अवगत कराये जिससे समस्या का समय से निराकरण कराया जा सके।

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर एक लहूलुहान



**चायल कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल तहसील के पास अनियंत्रित कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति लहूलुहान हो गया है हादसे में दो बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मुरादपुर चायल निवासी विनय कुमार पुत्र राजाराम अपने भाई सुनील कुमार के साथ बाइक से बुधवार की सुबह 10:00 बजे चायल तहसील कार्यालय जा रहे थे जैसे ही वह डॉक्टर मुन्नान की क्लीनिक के पास पहुंचे अनियंत्रित कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी है जिससे सुनील कुमार को गंभीर चोटे आई हैं सुनील कुमार की बाइक में टक्कर मारने के बाद कार सवार ने सईद अहमद की मोटरसाइकिल को भी कुचल दिया है हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घायल सुनील कुमार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई है।

### कोखराज थाना में त्योहार को लेकर पुलिस ने की बैठक



**कोखराज कौशाम्बी** आगामी दुर्गा पूजा नवरात्रि त्योहार की दृष्टिगत 11 अक्टूबर को थाना कोखराज में कोखराज कोतवाल के अध्यक्षता में पीस कमेटी के बैठक आयोजित की गई इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ ग्राम प्रधान पुलिस चौकी इंचार्ज आदि उपस्थित रहे पीस कमेटी की बैठक क्षेत्र के मूर्ति स्थापना करने वाले संयोजकों एवं डीजे संचालकों के साथ थाना कैंपस में आयोजित हुई गोष्ठी के दौरान संचालकों को शासन उच्च अधिकारियों, एवं कोविद 19 के गाइड लाइनों का अनुपालन करने हेतु कोतवाल द्वारा हिदायत की गई' कोतवाल ने कहा कि मूर्ति व्यवस्थापित स्थान पर वॉलिंटियर्स नियुक्त कर समुचित सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करें' सुरक्षा के दृष्टिकोण से मौके पर बालू की बोरी पंडाल में पानी की व्यवस्था करें 'बिना अनुमति डीजे ना लगे उन्होंने कहा कि अनुमति के अनुसार ही निर्धारित किए गए आवाज पर ही लाउडस्पीकर बजे' गोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी लोगों से समस्याओं के संबंध में पूछने पर प्रथम दृष्टया कहीं पर कोई समस्या नहीं बताई गई फिर भी उन्होंने हिदायत की गई कि यदि कहीं पर कोई समस्या हो तो मुझे अथवा चौकी प्रभारी व संबंधित बीट कर्मचारियों को समय से अवगत कराये जिससे समस्या का समय से निराकरण कराया जा सके

### तिहरे हत्याकांड में फरार अभियुक्त पर धारा 82 की कार्यवाही

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गौस में तिहरे हत्या कांड में फरार अभियुक्त राजेन्द्र सिंह पुत्र रामचंद्र चौहान व अनुप सिंह पुत्र सुग्रीव पर अदालत ने धारा 82 की कार्यवाही की है अदालत के निर्देश पर संदीपन घाट थाना पुलिस अभियुक्त के घर पहुंची के घर में धारा 82 की नोटिस चस्पा कर कार्यवाही की है इस मौके पर संदीपन घाट थाना प्रभारी भुनेश चौबे अपने स्टाप के साथ मौके मौजूद रहे उन्होंने कहा कि अभियुक्त एक माह के अंदर कोर्ट या थाने में अपने आपको सरेंडर करें।

### भतीजे के साथ बाइक पर जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत



**महेवाघाट कौशांबी** प्रयागराज जनपद के मुबारकपुर कोटवा की एक महिला अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से महेवाघाट थाना क्षेत्र जा रही थी कुम्हियवा के पास महिला बाइक से गिर गई है जिससे अधिक चोट लग जाने के कारण उसे अस्पताल में ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक 11 अक्टूबर को प्रयागराज जनपद के मुबारकपुर कोटवा निवासी राजदुलारी पांडे पत्नी स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण पांडे अपने भतीजे शुभम पांडे पुत्र सुरेंद्र कुमार पांडे के साथ बाइक से महेवाघाट की ओर जा रही थी इसी बीच कुम्हियवा बाजार के पास रामदुलारी पांडे सड़क पर गिर गई है जिससे अधिक चोट लग गई है घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया जा रहा था रास्ते में उनकी मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### बाइक सवारो ने छीना मोबाइल

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू नगर पंचायत निवासी कपिल चौरसिया पुत्र रामेंद्र सिंह चौरसिया 10 अक्टूबर की रात्रि लगभग 9:00 बजे अपने घर से मेडिकल स्टोर दवा लेने जा रहे थे पैदल जा रहे कपिल चौरसिया मोबाइल में बात कर रहे थे जैसे ही वह पुल के पास पहुंचे पीछे से तेज गति बाइक सवार ने उन्हें झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया है जिससे वह लड़खड़ा कर गिर पड़े हैं और बाइक सवार का पीछा नहीं कर सके उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल के कवर में 3200 रुपए भी रखे थे जो मोबाइल के साथ बाइक सवार लेकर फरार हो गए हैं मामले की सूचना उन्होंने थाना पुलिस को दी है।

## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक



**अझुवा कौशांबी।** दुगार्पूजा और दशहरा पर्व को लेकर सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन और सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आज बुधवार को अझुवा पुलिस चौकी प्रांगण में आयोजित हुई पीस कमेटी बैठक को संबोधित करते हुए सर्किल ऑफिसर सिराथू सर्किल अवधेश विश्वकर्मा ने हिदायत दी की कानून व्यवस्था को मजबूती से कायम रखा जाए धार्मिक,सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर खास निगरानी रखी जाए। नगर पंचायत अझुवा में शारदीय नवरात्रि के 10वें दिन विशाल मेले का आयोजन होता है इस वर्ष नगर पंचायत अझुवा का मेला 2 नवंबर और 3 नवंबर को है मेला देखने के लिए आसपास के तमाम गांव सहित दूर दराज के ग्रामीण महिला पुरुष बच्चों का मेला में सैलाब उमड़ता है उससे निपटने के लिए शासन प्रशासन को भरपूर मेहनत करनी होती है पिछले वर्षों तक अझुवा बस्ती क्षेत्र की एक लेन विशाल मेले की वजह से बंद कर दिया जाता था राष्ट्रीय राजमार्ग पर केवल एक ही लेन कानपुर से प्रयागराज वाहनों के आवागमन हेतु खुला रहता है मौजूदा समय राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण हो रहा है बीच सड़क वाले डिवाइडर का कट केवल लोंहदा मोड़ और मंडी समिति के पास है आवागमन हेतु वाहनों की कतार लगी होती है आज बुधवार को सिराथू एस डी एम सौम्य मिश्रा एवम सिराथू सर्किल आफिसर अवधेश विश्वकर्मा ने अझुवा चौकी प्रांगण में नवरात्रि दशहरा मेला के सफल आयोजन हेतु पीस कमेटी बैठक आयोजित की जहां मेला कमेटी , रोशनी कमेटी चौकी (झांकी) कमेटी के पदाधिकारियों कार्यकताओं के साथ बैठक में तमाम आदेश दिए हैं एस डी एम सौम्य मिश्रा एवम क्षेत्राधिकारी अवधेश विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा क्षेत्र का भ्रमण किया है मेले के सफल आयोजन को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से वार्ता कर अंबर ढाबा के पास और भौंतर मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में बीच डिवाइडर कट के लिए वार्ता करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,कानूनगो मेवालाल मौर्य,अंबर भाई,रामबाबू मोदनवाल,प्रदीप साहू,हरिओम साहू,सौरभ केशरवानी ,विपिन मोदनवाल,शंकर लाल केसरवानी,सुरेश केशरवानी,चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ,राष्ट्रीय राजमार्ग के कर्मचारी एवम नगर पंचायत की तमाम सम्मानित जनता मौजूद रही

### महिला की हत्या में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**अदालत में 25-25 हजार रुपए का लगाया अर्थदण्ड**

**कौशाम्बी।** करारी कस्बे में 3 वर्षों पहले महिला नसरीन जहाँ पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया था इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी मामले में 12 लोगों के खिलाफ मृतक महिला के भाई असगर मदनी पूर्व सभासद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था सुनवाई के दौरान अदालत ने चार अभियुक्तों को महिला की हत्या का दोषी पाया और चारो अभियुक्तों मृतक महिला के देवर लाईक अहमद उर्फ चाँद वा मोहम्मद असलम पुत्र अब्दुल अजीज तथा देवरानी रेहाना बेगम पत्नी लईक अहमद वा भतीजा गुलाम साबिर पुत्र लईक अहमद निवासी करारी को आजीवन कारावास की सजा और 25-25 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

## कौशांबी में होगा ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का महाकुंभ

### उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का भरवारी में आयोजन






**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल में दिनांक 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक होगा कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती श्रीमती सीमा पवार ने बताया कि यह सौभाग्य का विषय है कि जनपद कौशांबी में पहली बार तीन राज्यों के 79 जिलों से बैडमिंटन के खेल का आयोजन कौशांबी को प्राप्त हुआ है केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा केपीएस कैंपस में नवनिर्मित रिद्धि सिद्धि स्पोर्ट्स कंपलेक्स का चयन करते हुए अपने पर्यवेक्षकों की टीम के साथ इस परिसर में आयोजित इस खेल महाकुंभ का शुभारंभ दिनांक 12 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे जनपद के जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर दिलीप कुमार दुरेहा (शारीरिक शिक्षा विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), पूर्व कुलपति लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर, द्वारा मार्च पास्ट की सलामी एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रारंभ होगी इस तीन दिवसीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन दिनांक 14 अक्टूबर समय 3:00 बजे न्यायमूर्ति गौतम चौधरी एवं अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अभिन्न श्याम गुप्ता के द्वारा किया जाएगा। विद्यालय के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस तीन दिवसीय ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप के आयोजन हेतु अपने ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के लगभग 200 शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्टाफ को पूरी जिम्मेदारी के साथ प्रयागराज रेलवे स्टेशन व सभी बस स्टैंड से लेकर तीन प्रदेशों से आने वाली सभी टीमों के ट्रांसपोर्टेशन एवं उनके ठहरने भोजन नाश्ते आदि का विशेष प्रबंध किया गया है साथ ही साथ दिनांक 12 व 13 को सायं काल विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया है श्री गुप्ता ने कहा कि यह अपने विद्यालय के साथ-साथ जनपद का सौभाग्य है कि प्रथम बार सीबीएसई द्वारा चैंपियनशिप को कौशांबी में आयोजित किया जा रहा है इस अवसर पर चैंपियनशिप के संयोजक मयंक मिश्र एवं रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी शाखों के प्रिंसिपल शामिल रहे।

## मंदिर दशहरा की जमीन में अवैध कब्जा किये जाने से लोगों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास मंदिर की जमीन पर रावण वध दशहरा का भी आयोजन होता है दुर्गा मंदिर की जमीन पर कई वर्षों से अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है बार-बार शिकायत होती है बार-बार कब्जा रोक दिया जाता है फिर कुछ दिन बाद कब्जा शुरू कर दिया जाता है लुका छुपी का खेल लंबे समय से अवैध कब्जा करने वाले लोग पुलिस के साथ खेल रहे हैं बीते दिनों कब्जे की आईजीआरएस में शिकायत हुई जिस पर थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता और कब्जा धारक पर शांति भंग की कार्यवाही कर दी क्षेत्राधिकारी ने शिकायतकर्ता और कब्जा धारक पर शांति भंग की कार्यवाही की सूचना आइजीआरएस पोर्टल में भेजकर शिकायत का निस्तारण कर दिया लेकिन सीओ द्वारा आइजीआरएस पोर्टल में भेजी गई सूचना के कुछ दिन बाद ही इस जमीन पर फिर अवैध कब्जा शुरू हो गया है शिकायतकर्ता के शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के बैजनाथ केसवानी पुत्र अयोध्या प्रसाद केसरवानी निवासी मंचनपुर ने बताया कि मंझनपुर कस्बे के पाता में अति प्राचीन दुर्गा मंदिर कुआ भूमि संख्या 960 पर बना है उनके दादा बुद्धू राम पुत्र सुखदेव राम मंदिर के ट्रस्टी थे दुर्गा मंदिर की इसी जमीन में दशहरा का भी आयोजन होता है जहां भारी भीड़ उमड़ती है मंदिर की जमीन कब्जा करने से दशहरे में भी व्यवधान पड़ेगा बैजनाथ ने बताया कि मंदिर की प्राचीनता यह है कि इस मंदिर में मुस्लिमकाल में दुर्गा मंदिर में आक्रमण किया गया था और मंदिर की मूर्तियां भी तोड़ी गई थी जो सबूत के तौर पर आज भी मंदिर के गेट पर रखी हुई है मंदिर परिसर में मंदिर संस्था के लोगों द्वारा पेड़ पौधे लगाए गए हैं भक्तों द्वारा कई कुएं का निर्माण कराया गया है इसी परिसर में

**आईजीआरयस में कब्जा शिकायत निस्तारण की सूचना भेजने के बाद फिर हो रहा है जमीन पर निर्माण**



विशाल भंडारा यज्ञ अनुष्ठान पूजन परिक्रमा सत चंडी महायज्ञ आदि भक्तों द्वारा किया जाता है नवरात्रि के महीने में मंदिर में विशाल मेले भंडारे का आयोजन भी होता है दुर्गा मंदिर के पास ही शिव मंदिर और कुआ भी स्थापित है प्राचीन समय में दुर्गा मंदिर में गौशाला भी संचालित होता था लेकिन प्राकृतिक आपदा में गौशाला जमीन डोज हो गया और खंडहर नुमा टीले भीटा में तब्दील हो गया इसी टीले भीटा की जमीन पर कब्जे का बार बार जबरिया प्रयास हो रहा है पुलिस और तहसील में शिकायत करने के बाद भी अवैध कब्जे पर रोक नहीं लगी है जिससे दशहरा को लेकर नगर के लोगों में आक्रोश है। दुर्गा मंदिर की जमीन आराजी संख्या 960 का कभी विक्रय नहीं हुआ दुर्गा मंदिर की यह जमीन ग्राम सभा के खाते में दर्ज है आराजी संख्या 960 मिलजुमला नंबर में जबरिया बार बार कब्जे का प्रयास किया जा रहा है अभिलेखों में हेरा फेरी कर मंदिर की जमीन कब्जा धारकों ने खतौनी में दर्ज करा ली जिसका मुकदमा अदालत में विचाराधीन है जबकि पुराने अभिलेखों में कब्जा धारकों का कहीं नाम नहीं दर्ज है निसंतान बंसीलाल के नाम फर्जी वसीयत बनाई इसकी जांच कराए जाने की मांग किए जाने के कई वर्षों बाद भी तहसील के अभिलेखों की जांच नहीं हो सकी तथा बंसी लाल के नाम मंदिर की जमीन कैसे आई है बंसी लाल के नाम से कोई पट्टा नहीं हुआ है लेकिन शिकायत के बाद भी पट्टा पत्रावली की जांच नहीं हो सकी इंद्र नारायण व धर्म नारायण निवासी खोरा मंझनपुर के नाम मंदिर की जमीन का कोई पट्टा नहीं हुआ लेकिन इंद्र नारायण व धर्म नारायण से मंदिर की जमीन खरीदने की बात बंसीलाल के बहाने कब्जा धारक कर रहे हैं इसकी जांच कराए जाने की मांग के बाद भी जांच नहीं पूरी हुई निसन्तान बंसी लाल के नाम मंदिर की जमीन का हिस्सा नहीं दर्ज था बंसीलाल ने कोई वसीयत नहीं की है बाद में अभिलेखों में हेरा फेरी कर कब्जा धारक के नाम जमीन दर्ज हो गयी बार बार शिकायत के बाद इसकी भी जांच नहीं हो सकी। मामले को लेकर अदालत में मुकदमा चला न्यायालय अपर आयुक्त प्रथम इलाहाबाद मंडल इलाहाबाद ने अपने आदेश दिनांक 19 अगस्त 2018 में सीमांकन और पैमाइश के आदेश को न्यायालय ने निरस्त कर दिया अदालत से सीमांकन पैमाइश का आदेश निरस्त होने के बाद बीते कई दिनों से फिर दुर्गा मंदिर की जमीन पर कई मजदूर राजगीर लगाकर जबरिया कब्जा किया जा रहा है।

# नगरों में स्थापित रावण की प्रतिमाएं बनी विनाश का कारण

**सुशील केशरवानी**

**जिस आबादी में बनाई गई रावण की मूर्तियां बर्बाद हो गई वह आबादी, राम के राज्य क्षेत्र में रावण की मूर्तियों को स्थापित करने का क्या औचित्य**



**कौशाम्बी।** आर्थिक संपन्नता की नगरी कही जाने वाली धन्ना सेठ की कौशांबी नगरी के विभिन्न कस्बे गांव में रावण की मूर्तियां बनाए जाने के बाद दुर्दशा के दिन शुरू हो गए हैं कौशांबी के तमाम नगर और वहां के लोगो के सामने आर्थिक दिक्कतें आनी शुरू हो गई है और लोगों को घर व्यापार गांव छोड़कर पलायन तक करना पड़ा है धर्म शास्त्रों में पापी का मुंह देखना भी पाप होता है लेकिन कौशांबी में रामलीला मंचन के लिए रावण की मूर्तियां जगह जगह स्थापित कर दी हैं सुबह सुबह लोग रावण की मूर्तियां देखते हैं जिन कस्बे आबादी में रावण की मूर्तियां स्थापित की गई है देखते-देखते वह कस्बा आबादी पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं रावण की मूर्तियां बनाए जाने के बाद कस्बे आबादी के लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं और कस्बा बाजार को छोड़कर वह दूसरे शहर को पलायन कर गए हैं जिले के दारानगर शहजादपुर शमशाबाद आलम चंद महगाव करारी चरवा दानपुर महावा पश्चिम शरीरा सराय अकिल भरवारी नारा कनैली नूरपुर भगवान पुर अढौली पड़ोसी जनपद फतेहपुर के हथगाव और धाता आदि आबादी इसके ज्वलन्त उदाहरण है आखिर सवाल उठता है कि अयोध्या के राजा भगवान श्री राम के राज्य में रावण की मूर्तियां स्थापित करने का क्या औचित्य था उन्नत के शिखर में पहुंचे कस्बे बाजार में रावण की मूर्तियां स्थापित करने के बाद उस कस्बे बाजार के लोगों की तरक्की रुक गई लोग आर्थिक दिक्कतों से जूझने लगे बड़ी बड़ी बाजार बर्बाद हो गई लोगों के पास जीविकोपार्जन के लिए धन की समस्याएं आने लगी लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया देखते-देखते कस्बे आबादी के आधे लोग दूसरे शहरों में जाकर बस गए लेकिन गांव की गरीबी नहीं दूर हुई वर्तमान के परिवेश में भी गांव के लोग तरक्की नहीं कर सके हैं 2 जून की रोटी खाकर किसी तरह से जीवन के दिन गुजर रहे हैं आखिर रावण की मूर्तियों के स्थापित किए जाने के बाद भगवान प्रभु श्री राम का नगर बाजार के लोगों को कौन सा श्राप मिला है जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ब्रिटिश पीरियड में जिले का शहजादपुर बाजार पूरे प्रदेश में विख्यात था यहां 52 मंडी और 53 बाजार लगती थी लाखों व्यापारी यहां आते थे नाव से आनाज का बड़ा ब्यापार होता था रामलीला मंचन के लिए यहां भी रावण की मूर्तियां बनाई गई है लेकिन आज स्थित यह है कि यहां के व्यापारी 2 जून की रोटी का जुगाड़ नहीं कर पाते है रोजगार चौपट होने के बाद आर्थिक स्थितियां खराब होने पर शहजादपुर बाजार के हजारों परिवार गांव छोड़कर पलायन कर गए हैं तमाम बड़ी बड़ी हवेली खंडहर में तब्दील है जो अपनी प्राचीनता सम्पन्नता को बयां कर रही शमशाबाद बाजार पीतल नगरी के नाम से विख्यात था शमशाबाद में बनाए गए पीतल के बर्तन पूरे प्रदेश में भेजे जाते थे मुरादाबाद के बर्तन ब्यापार को शमशाबाद का ब्यापार टक्कर देने लगा था लेकिन यहां भी रावण की मूर्तियां बनाई गई और यह बाजार भी बर्बाद हो गया आज यहां के कारीगर 2 जून की रोटी के जुगाड़ के लिए परेशान है तमाम परिवार शमशाबाद छोड़कर पलायन कर गए आलम चंद बाजार भी उस समय बड़े बाजारों में शुमार था यहां के लोगों जुनून सवार हुआ अलामचंद में रावण की मूर्तियां बनाई लेकिन उसके बाद अलामचंद बाजार की स्थिति यह हुई कि यहां के लोगों का व्यापार चौपट हो गया लोगों को पलायन करना पड़ा 2 जून रोटी के जुगाड़ के लिए लोगों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी लोगो की जमा पूंजी खत्म हो गई। दानपुर महावां की बाजार भी उस समय बड़ी बाजारों में शामिल थी बड़े-बड़े व्यापारी यहां व्यापार करते थे लेकिन यहां के लोगों ने भी रामलीला मंचन के लिए रावण की मूर्तियां स्थापित कर दी मूर्तियां स्थापित करने के बाद दानपुर महावा के दुर्दशा के दिन शुरू हो गए देखते देखते दानपुर महावा के लोगों का व्यापार चौपट हो गया लोग कंगाल होने लगे यहां के तमाम लोग आर्थिक दिक्कत के बाद गांव छोड़कर पलायन कर गए हैं तमाम व्यापारिक परिवारों के पुराने मकान आज भी गांव में संपन्नता की कहानी बयां कर रहे हैं ब्रिटिश पीरियड में करारी कस्बे को परगना का दर्जा मिला हुआ था बड़े व्यापारियों और जमींदारों का निवास था लेकिन यहां भी रावण की मूर्तियां लोगों ने बना दी और धीरे-धीरे यहां की भी स्थितियां खराब होने लगी करारी से हटकर परगना मंझनपुर पहुंच गया कस्बा गांव बनकर रह गया संपन्नता को बयां कर रही बड़ी-बड़ी हवेली यहां भी खंडहर में तब्दील हो गई यहां के लोगों को आर्थिक दिक्कतो का सामना करना पड़ा तमाम संपन्न लोग कंगाल हो गए मुगल काल में दारानगर की बाजार में बड़े व्यापार होते थे अनाज का आदान-प्रदान गंगा नदी के सहारे पूरे भारत मे नाव से होता था लेकिन यहां भी रामलीला मंचन के लिए रावण की मूर्तियां बना दी गई और देखते-देखते दारानगर बाजार बर्बाद हो गई यह बाजार गांव बनकर रह गई व्यापारी 2 जून रोटी के जुगाड़ में परेशान रहने लगे यहां की भी बड़ी-बड़ी हवेली खंडहर में तब्दील है जो प्राचीन सभ्यता और संपन्नता की कहानी बयां कर रही है यहां के हजारों लोगों को भी गांव कस्बा छोड़कर पलायन करना पड़ा नारा गांव में भी लोगों ने रावण की मूर्तियां बनाई वर्तमान में यहां की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है सौ वर्ष पहले से तीन दशक पूर्व तक भरवारी बाजार में आनाज का ब्यापार पूरे हिंदुस्तान में होता था भरवारी बाजार पूरे देश की गल्ला मंडी में बिख्यात थी लेकिन यहां के लोगों को भी जुनून चढ़ा और तीन दशक पूर्व रामलीला मंचन के लिए यहां भी रावण की मूर्तियां स्थापित कर दी गई रावण की मूर्तियां बनाए जाने के बाद भरवारी बाजार का व्यापार चौपट हो गया और यहां के लोगों को भी आर्थिक दिक्कतें झेलनी पड़ी भरवारी की गल्ला मंडी पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है मंहगांव चरवा सराय अकिल पश्चिम शरीरा में भी लोगों ने रामलीला मंचन के लिए रावण मूर्तियां स्थापित कर दी इन बाजारों की भी प्रगति रुक गई है सराय अकिल का व्यापार कम हुआ कस्बे की प्रगति रुक गई तो बदलते समय के साथ मंहगांव के लोग भी पलायन कर गए आखिर रावण की मूर्तियां बनाए जाने के बाद नगर कस्बे के लोगों को भगवान श्री राम का कौन सा श्राप मिल रहा है जिससे उनकी दुर्दशा कम नहीं हो रही है।

## संपादकीय

### तेलंगाना चुनाव : दावेदारी बनाम संभावना

तेलंगाना में 30 नवंबर, 2023 को होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की लोकप्रियता और भारत राष्ट्र समिति (भारास) की ताकत की परीक्षा होगी। राज्य में मुख्य विपक्षी दल, कांग्रेस और भाजपा, भारास को सत्ता से बाहर करने के लिए कमर कसे हुए हैं। जबकि केसीआर लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार बने हुए हैं।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (भारास) के सुप्रीमो केसीआर भारतीय राजनीति में लोकप्रिय और करिश्माई नेताओं में से एक रहे हैं। उन्हें तेलंगाना राज्य आंदोलन को सफल परिणति तक पहुँचाने का श्रेय दिया जाता है और 2014 में राज्य के गठन के बाद से, उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएँ लागू की हैं जिनसे तेलंगाना के लोगों को लाभ हुआ है। जैसे कि रैयतु बंधु योजना, जो किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, और आसरा पेंशन योजना, जो बुजुर्गों और विधवाओं को पेंशन प्रदान करती है। उनका तेलंगाना के लोगों के साथ गहरा जुड़ाव माना जाता है। उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाएँ लागू की हैं जिनसे तेलंगाना के लोगों को लाभ हुआ है, इसके अलावा उनकी पार्टी भारास जमीनी स्तर पर मजबूत उपस्थिति वाली एक सुसंगठित पार्टी है।

बेशक ये कुछ बातें केसीआर के पक्ष में जाती हैं। लेकिन उनकी कुछ कमजोरियाँ भी हैं। कहा जा रहा है कि सत्ता में दो कार्यकाल के बाद केसीआर को तीव्र सत्ताविरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के आरोप भी लगते रहे हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन और बेरोजगारी संकट जैसे कुछ मुद्दों से निपटने के लिए भी भारास की आलोचना की गई है। इसलिए सत्ता में वापस लौट कर आने के लिए उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

गौरतलब है कि तेलंगाना में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बीच उसका मजबूत आधार है। कुछ महीने पहले तक वह लगभग हाशिये पर थी। लेकिन जब से उसने पड़ोसी राज्य कर्नाटक में धमाकेदार वापसी की है, तब से तेलंगाना में भी उसके हौसले खूब बढ़े हुए हैं। कांग्रेस को लगता है कि उसके नेता राहुल गांधी की गारंटियों ने जो कमाल कर्नाटक में किया है, वह तेलंगाना में भी दोहराया जा सकता है। लेकिन यह नहीं भूला जा सकता कि केसीआर की कल्याणकारी योजनाएँ उन गारंटियों को चुनौती देने के लिए यहाँ पहले से लागू हैं। वैसे भी कांग्रेस के पास केसीआर के कद का कोई दिग्गज तेलंगाना में नहीं है। देखना रोचक होगा कि वह कैसे कथित सत्ताविरोधी लहर को अपने पक्ष में कर पाती है।

तीसरी तरफ भाजपा है जो एक राष्ट्रीय पार्टी जरूर है, लेकिन तेलंगाना में उसकी खास उपस्थिति नहीं रही है। तो भी उसने हाल के वर्षों में यहाँ अपनी पकड़ मजबूत करने की भरसक कोशिश की है।

विडंबना यह है कि उसके पास भी राज्य में कोई दिग्गज नेता नहीं है। भीतरी धड़ेबाजी तो खैर अपनी जगह है ही। लेकिन उसे इसकी परवाह नहीं है, क्योंकि उसके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक विराट अंतरराष्ट्रीय चेहरा है। और साथ ही है डबल इंजन की सरकार के फायदे गिनवाने वाला चमत्कारी डमरू। देखना होगा कि अपने काफी आक्रामक प्रचार के बल पर भाजपा इस चुनावी संघर्ष को किस हद तक त्रिकोणीय बना पाती है।

देखना यह भी होगा कि चुनाव कल्याण और विकास के मुद्दों पर लड़ा जाएगा या धर्म और जाति के नाम पर। धर्म और जाति के सहारे भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे का नुकसान करके केसीआर की मदद भी कर सकते हैं! एआईएमआईएम की तो खैर पुराने शहर में अपनी जमीन तय है ही।

कुल मिलाकर, आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भारास और विपक्षी दलों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। केसीआर और भारास जीत के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन उन्हें सत्ता बरकरार रखने के लिए सत्ताविरोधी लहर और विपक्ष की चुनौतियों से निपटना होगा। 000

# राजस्थान में महारानी दीया कुमारी को क्या वसुंधरा का विकल्प बना सकती है भाजपा ?





राजस्थान में विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में जहां सांसद दीया कुमारी को जयपुर के विद्याधर नगर से चुनावी मैदान में उतारा तो वहीं वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए गए। इसके बाद सियासी गलियारे में एक नई चर्चा ने जन्म ले लिया है।

राजस्थान के लिए आयी भाजपा उम्मीदवारों की सूची मध्य प्रदेश जैसी ही है। वसुंधरा राजे को अभी बिलकुल नेगलेट नहीं किया गया है क्योंकि उनके विधानसभा क्षेत्र झालारपाटन से किसी को टिकट नहीं मिला है पर चिंता की बात यह हो सकती है कि दीया कुमारी को वसुंधरा राजे के ही एक समर्थक का टिकट काट कर उम्मीदवार बनाया गया है।

महारानी दीया कुमारी को भाजपा में राजस्थान चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण भूमिका देने की अटकलें कई साल से लगाई जा रही थी । पर प्रधानमंत्री मोदी की सभा का संचालन करके वो लाइमलाइट में आ गईं हैं। राजस्थान में क्या चीजें ऐसी हैं जो उनके फेवर में जा सकती हैं? सवाल यह भी है कि क्या एन चुनाव से पहले उन्हें वसुंधरा राजे का विकल?प बनाया जा सकता है? इसके कई कारण गिनाये जाते है ।

वैसे भी लग ही रहा था कि मुख्यमंत्री वसुधरा राजे सिंधिया के सितारे गर्दिश में है और महारानी का राजनीतिक खेल खत्म हो चुका है। पार्टी उनकी जगह नया नेतृत्व तैयार करने के मूड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में जिस तरह प्रदेश की 2 महिला नेताओं को तवज्जो मिली क्या वो वसुंधरा के लिए इशारा था? क्या वसुधरा का विकल्प बन सकेंगी कुमारी? क्या है दीया कुमारी की राजस्थान में राजनीतिक ताकत? यदि हम थोडा पुराना राजनीतिक इतिहास देखे तो इसका उत्तर मिल सकता हैं ।

जैसे दिसंबर 2018 में जब भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह दीया कुमारी और उनकी मां पद्मिनी देवी के जयपुर आवास पर पहुंचे थे तभी से यह अटकलें लगनी शुरू हो गईं थीं कि महारानी का भविष्य पार्टी में उज्जवल दिख रहा है।पर बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में जिस तरह महारानी दिया कुमारी को तवज्जो मिली उन अटकलों को और हवा मिल गईं। हालांकि ऐसी संभावनाएं मीडिया में राजनीतिक विश्लेषक पहले से ही लगा रहे थे। अब उस संभावनाओं पर मुहर लगने का इंतजार है। आखिर क्या कारण हैं कि महारानी दीया कुमारी पर पार्टी दांव लगा सकती है?

भाजपा ,आनंदपाल प्रकरण में राजपूतों की नाराजगी की वजह से पिछला विधानसभा चुनाव मामूली वोटों के अंतर से हार गई थी। इस बार भाजपा ये गलती दुबारा नहीं करना चाहती है।इसलिए राजपूत वोट बैंक को फिर से मजबूत किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी राजेंद्र सिंह राठौड़ को बैठाकर भाजपा ने राजपूतों को संदेश पहले दे दिया था। वसुंधरा से किनारा करने के बाद भाजपा अब राजस्थान में पार्टी के संस्थापक और कद्दावर नेता भैरो सिंह शेखावत की विरासत को फिर से जिंदा करने में लगी हुई है। खचरियावास में बार-बार भाजपा के बड़े नेताओं का जाना इसका सबूत है।

दरअसल राजस्थान में राजपूत करीब 14 फीसदी हैं जिनका 60 विधानसभा सीटों पर असर है। जयपुर, जालोर, जैसलमेर, बाड़मेर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, नागौर, जोधपुर, राजसमंद, पाली ,बीकानेर और भीलवाड़ा जिलों में राजपूत वोटों की नाराजगी किसी भी पार्टी के लिए भारी पड़ जाती रही है। वैसे तो भाजपा के पास कई राजपूत नेता हैं राज्य में जिनमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ आदि प्रमुख हैं। पर सांसद दीया कुमारी की बात अलग हैं। महारानी गायित्रि देवी की विरासत भी उनके पास है। भाजपा उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर राजपूतों में संदेश दे सकती है। । हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों में राजपूत वोटों को लुभाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार के लिए दीया कुमारी को उतारकर पार्टी ने यह संदेश पहले ही दे दिया था कि राजस्थान के राजपूतों के लिए उनका इस्तेमाल किया जाएगा। राजस्थान के भाजपा नेताओं में वह इकलौती महिला नेता हैं, जिन्हें हिमाचल प्रदेश के चुनाव प्रचार में उतारा गया था।

अगर भाजपा महारानी दीया कुमारी को मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाती है तो यह एक महारानी की जगह दूसरी महारानी जैसा ही होगा। वसुंधरा राजे को महारानी के नाम से भी बुलाया जाता है। दीया कुमारी भी महारानी हैं। दोनों राजपूत हैं, जो भाजपा के परंपरागत रूप से वोटर हैं। इसलिए भाजपा आश्वस्त हो सकती है कि अगर वसुंधरा नाराज भी होती हैं तो पार्टी को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। इन दोनों की सियासी अदावत किसी से छिपी नहीं है। कभी दीया कुमारी को वसुंधरा राजे ने ही राजनीति में एंट्री कराई थीं। तब दीया कुमारी जयपुर राजघराने की राजकुमारी हुआ करती थीं। 2013 के विधानसभा चुनावों में वसुंधरा ने डॉ। किरोड़ी लाल मीणा को हराने के लिए सवाई माधोपुर विधानसभा सीट से राजकुमारी को लड़ाने का फैसला किया। वसुंधरा का तीर निशाने पर लगा और राजकुमारी दीया ने गरीबों की झोपड़ी में चूल्हे फूंक पोलिटिकल माइलेज ले लिया। राजघराना बनाम राज्य सरकार के बीच का संपत्ति विवाद में दोनों महारानियां आमने-सामने आ गईं। 2018 में वसुंधरा ने दीया कुमारी का टिकट काट दिया। यही महारानी दीया कुमारी के वरदान साबित हो गया। पार्टी हाईकमान ने उन्हें सांसद का टिकट दे दिया। तब से महारानी का सितारा बलुंदियों पर है।

मेवाड़ के राजसमंद से महारानी दीया सांसद हैं। जनता के बीच रहकर उन्होंने मेवाड़ मे अपनी जगह बना ली है। राजस्थान की राजनीति में माना जाता है कि जो मेवाड़ जीतता है, वह राजस्थान पर राज करता है। महारानी दीया ने सांसद के रूप में अपने कामकाज से मेवाड़ के लोगों का दिल जीत लिया है। राजस्थान विधानसभा चुनावो के 2013 और 2008 और 2003 के आंकड़े बतातें है कि जिस पार्टी को मेवाड़ में सबसे ज्यादा सीटें मिलीं हैं उसी की सरकार बनी है। 2013 में 28 सीटों में से भाजपा ने 25, कांग्रेस ने दो सीटें जीतीं, सरकार बनी भाजपा की। उसी तरह 2008 में कांग्रेस ने 19 और भाजपा ने 7 सीटें जीती और सरकार बनी कांग्रेस की। 2003 में भी यही फॉमूर्ला काम किया। 25 सीटों में से 18 भाजपा और 5 कांग्रेस को मिलीं। सरकार बनी भाजपा की।साल 2018 के नतीजे कुछ अलग रहे थे,जब भाजपा ने 15 और कांग्रेस ने 10 सीटें जीती थीं लेकिन सरकार बनाने में भाजपा असफल साबित हुई थी।

महारानी दीया को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी हाईकमान वसुंधरा से अपना हिसाब चुकता कर सकता है। कई बार ऐसे मौके आए हैं जिनमें पार्टी हाईकमान और वसुंधरा के बीच मतभेद खुलकर सामने आए हैं।जयपुर राजघराना कछवाहा राजपूतों का रहा है।महारानी दीया कुमारी कई बार ये दावा कर चुकी हैं कि उनका वंश श्रीराम के बेटे कुश के 399 वां पीढ़ी है। पिता भवानी सिंह को 1971 के भारत-पाक युद्ध में पराक्रम दिखाने के लिए याद किया जाता है। तब उन्हें अदम्य साहस और वीरता के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। महारानी दीया कुमारी का परिवार कांग्रेसी रहा है पर दीया कुमारी हिंदुत्व और राष्ट्रवाद पर जमकर बोलती हैं। उन्होंने एक बार ताजमहल पर अपने खानदान का दावा ठोंक दिया था। उनका कहना था कि उनके पास ऐसे डॉक्युमेंट हैं जिससे साबित होता है कि यह जगह हमारी है। मुगल काल में हमारे परिवार का महल और जमीन कब्जा कर लिया गया था। महारानी दीया कुमारी पर भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं हैं और कुल मिलाकर उनकी छवि भी साफ सुथरी है। वैसे राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे सिंधिया के बगावती तेवरों से पार्टी में उनकी स्थित खराब होती रही है। अभी हाल ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल के आरोपों के पीछे भी वसुंधरा का हाथ बताया जा रहा था।

# सड़कें खामोश हो जाये तो संसद आवारा हो जाती है

**बाल मुकुन्द ओझा**

आजादी के नायक और लोकतांत्रिक समाजवाद के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर को और डॉ राम मनोहर लोहिया का समृति दिवस 12 अक्टूबर को है। लोहिया कहा करते थे की सड़कें मौन हुई तो संसद आवारा हो जाएगी। उन्हीं के साथी जेपी ने सड़कों को मौन नहीं होने दिया, फलस्वरूप सड़कों पर जन जवार ने शासन सत्ता को बदल कर रख दिया।

यहाँ हम लोहिया की बात करते है। डॉ लोहिया कहते थे सड़कें सूनी हो जाये तो संसद आवारा हो जाती है। यह तब के साथ आज का भी सच है। आज इस पर गहन चिंतन मनन की जरुरत है कि सड़कें तो सुनसान नहीं हुई मगर संसद जरूर आवारा हो गयी।संसद में अब तर्क और विचार का स्थान हंगामे ने ले लिया है। अब वाजपेयी, भूपेश गुप्त, नाथपै, गोपालन, एसएम बनर्जी, मधु लिमये, जैसी सख्सियत नहीं है जो अपने तर्कों से सरकार को झुका सके।आज लोहिया समृति दिवस पर उनकी कहीं यह बात बरबस याद आती है। 12 अक्टूबर को राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि है। केरल में छात्रों पर लाठी चार्ज हुआ तो उन्होंने अपनी ही सरकार को इस्तीफा देने को कह दिया। आज हालत यह है लाठी गोली चल जाये मगर सरकार कहीं नहीं जाएगी। वे कहते थे जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। उनकी कही हर बात आज याद आती है। 17 खंडों की किताब लोकसभा में लोहिया में उन्होंने लोकतंत्र और विपक्ष की भूमिका पर सार्थक सवाल उठाए है जो आज भी प्रस-ांगिक है। कहते है आज लोहिया होते तो भाजपा को ललकारते। कोई यह कहने वालों से पूछे की क्यों लालकारते भाई। भाजपा ने तो कांग्रेस मुक्त भारत का उनका सपना साकार ही किया है। वे कांग्रेस को हटाने के लिए शैतान से भी हाथ मिलाने को तैयार थे। उन्होंने 1967 में समाजवादियों को साम्यवादियों और जनसंघियों के साथ एक जाजम पर बैठकर कांग्रेस को सत्ताच्युत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खेर बहस तो चलती रहेगी। लोकतंत्र में बहस का प्रमुख स्थान है इससे हमारे लोकतंत्र की जडे मजबूत होती है। लोहिया ने देशवासियों को जो रास्ता दिखाया वह संघर्ष का था। इसी रस्ते पर चलकर हम अपनी राह आसान कर सकते है। जब तक सूरज और चन्द्रमा है रोटी कपडा और मकान की जंग यूँ ही चलती रहेगी।

समाजवादी चिंतक और विचारक डॉ राम मनोहर लोहिया नागरिक स्वतंत्रता के प्रबल हिमायती थे। वे इस सवाल पर किसी भी समझौते के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने आजादी के आंदोलन में नागरिक स्वतंत्रता को न केवल सीखा और भोगा अपितु जीवनभर इसे निभाते भी रहे। उन्होंने सुधरो या टूटो के सिद्धांत की पालना की। नागरिक स्वतंत्रता का इससे बड़ा कोई उदहारण हो नहीं सकता। केरल में जब उनकी ही पार्टी की सरकार ने नागरिक स्वतंत्रता का हनन किया तो वे सबसे पहले इसके खिलाफ उठ खड़े हुए। स्वतंत्र चिन्तन, निर्भीकता, मौलिकता और समन्वयवाद उनके व्यक्तित्व की विशेषता थी।

लोहिया कांग्रेस के विचारों के सख्त विरोधी थे, यह किसी सी छिपा नहीं है। मगर आज के नेताओं की तरह आपसी नफरत और वैमनस्यता के भाव उनके मन में नही थे। कांग्रेस को सत्ताच्युत करने का सपना उन्होंने आजादी के बाद से ही संजोया था। उनका यह सपना आंशिक रूप से 1967 में पूरा हुआ जब देश के अनेक राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारें बनी। डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे लोग मेरी बात सुनेंगे जरूर, शायद मेरे मरने के बाद। लोहिया की मृत्यु के दस साल बाद उनकी बात उनके ही अभिन्न साथी जय प्रकाश नारायण ने सुनी और 1977 में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर लोहिया के गैर कांग्रेसवाद के सपने को साकार किया।

कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी से सोशलिस्ट पार्टी के सफर में शुरू में जय प्रकाश नारायण का साथ भी उन्हें मिला था। मगर बेहद आदर्शवादी जय प्रकाश का चुनावी राजनीति से जल्द ही मोह भंग हो गया और उन्होंने सर्वोदय आंदोलन की राह पकड़ ली। लोहिया की मृत्यु के दस साल बाद जेपी ने गैर कांग्रेसवाद का झंडा बुलंद पर लोहिया का सपना साकार किया।

वर्ष 1960 के दशक में ही डॉ. लोहिया ने देश की भावी समस्याओं को बखूबी समझ लिया था। इसीलिए वह कहा करते थे- गरीबी हटाओ, दाम बांधों, हिमालय बचाओ, अंग्रेजी हटाओं नदियां साफ करो, पिछड़ों को विशेष अवसर दो, बेटियों की शिक्षा व विकास का समुचित प्रबंध हो, गरीबों के इलाज का इंतजाम हो, किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिले, खेती और उद्योग में समन्वय बनाकर विकास का एजेंडा तय हो, गरीबी के पाताल और अमीरी के आकाश का फासला कम करने के जतन हों। लोहिया के उठाये मुद्दे आज भी प्रासंगिक और ज्वलंत है। देश की राजनीति आज भी उनके इर्द गिर्द चक्कर काट रही है। लोहिया का शरीर जरूर शांत हुआ मगर उनकी आत्मा आज भी जिन्दा है। उनके विचार आज भी जन जन के प्रेरणाश्रोत है। उत्तर प्रदेश हो या बिहार लोहिया आज भी लोगों की जुबान पर है।

**- बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# भंवरीदेवी भंसाली एक आदर्श श्राविका हैं : आचार्य महाश्रमण

मुम्बई, 11 अक्टूबर 2023

प्रख्यात समाजसेविका, आदर्श नारी, धार्मिक सेवाओं का अनूठा एवं प्रेरक प्रतिमान गढ़ने वाली, सेवा और सहृदयता की प्रेरक सुश्राविका श्रीमती भंवरीदेवी भंसाली को अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष प्रदत्त किये जाने वाला सर्वोच्च नारी सम्मान ह्यश्राविका गौरवह्ण वर्ष-2023 प्रदत्त किया गया। नंदनवन परिसर में राष्ट्रसंत, शांतिदूत, महिला जागृति के प्रेरक, अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमणजजी के सान्निध्य में 48वें अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन में यह अलंकरण प्रदत्त करते हुए उनकी उल्लेखनीय संघ सेवाओं एवं गुरुभक्ति को उजागर किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती भंवरीदेवी भंसाली ने सुदीर्घ काल तक संघ एवं संघपति के प्रति सेवा का एक अनूठा इतिहास रचा है, जो संपूर्ण महिला समाज के लिए अनुकरणीय है। मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया एवं महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने श्रीमती भंसाली को प्रशस्ति पत्र, शॉल एवं माल्यार्पण के द्वारा सम्मानित किया।

आचार्य श्री महाश्रमण ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमती भंवरीदेवी भंसाली ने अपनी सेवाओं एवं गुरुभक्ति के माध्यम से श्रावकत्व को एक अनूठी पहचान दी है। स्व. श्री फतेहचंदजी भंसाली की धर्मपत्नी के रूप में उन्होंने तीन-तीन आचार्यों की सेवा का प्रेरक इतिहास रचा है। वे सरलता, सादगी, समझ एवं सहिष्णुता की मिसाल हैं।

एक आदर्श श्राविका के रूप में उनका जीवन उत्तरोत्तर आध्यात्मिक विकास करता रहे, यही शुभाशंसा है। उन्हें अपने आत्मा के कल्याण के लिए जागरूक रहना है। इस अवसर पर साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी ने श्रीमती भंवरीदेवी की सुदीर्घ सेवाओं की चर्चा करते हुए कहा कि उनका जीवन गुरुभक्ति का विरल उदाहरण है। उन पर आचार्य श्री तुलसी, आचार्य श्री महाप्रज्ञ एवं वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमणजी की विशेष अनुकंपा रही है। उन्होंने अपनी सेवा और भक्ति से श्रावकत्व को एक नई पहचान दी है। संपूर्ण भंसाली परिवार में उच्च संस्कारों का रोपण करते हुए उन्होंने सभी पारिवारिक सदस्यों को संघसेवा एवं संस्कारों में ढ़ाला है। इस अवसर पर महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने कहा कि गुरु की वाणी को आत्मसात कर अपने जीवन में ग्रहण करने वाली श्रीमती भंवरीदेवी भंसाली धर्मपत्नी, स्व. श्री फतेहचंदजी भंसाली तेरापंथ धर्मसंघ की एक आदर्श श्राविका हैं। आपको तीन आचार्यों का वरदहस्त प्राप्त है और उसी की सुवास में आपका जीवन पुष्पित एवं पल्लवित हो रहा है। आपका जीवन त्याग और तपस्या से आबद्ध है। सादा एवं संयमित जीवन, विनम्र एवं हंसमुख व्यक्तित्व, सुपात्र दान की अनूठी भावना, एकाग्रता एवं जागरूकता से आप्लावित जीवन औरों के लिए अनुकरणीय है।

# एनएचआरसी की उल्लेखनीय मानवीय सेवा की हो रही प्रशंसा

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**



राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की स्थापना 1993 में हुई. आयोग की स्थापना के बाद 30 वर्ष बीत गए हैं. 30 वर्षों का इतिहास बहुत ही स्वर्णिम और ऐतिहासिक रहा है.इसके पहले चेयरपर्सन न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र हुए और अब इसका नेतृत्व कर रहे हैं न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा. अपने इतने वर्षों के कार्य निष्पादन में आयोग की प्रतिष्ठा बढ़ी है. अबआयोग संयुक्त राष्ट्र मानव अधकारों के सार्वभौम घोषणापत्र के 75वें वर्ष में भारत में अनेक सुधर करके मानव अधिकारों को आमजन तक पहुंचा देना चाहता है. मानव अधिकारों के बारे में यद्यपि अभी भी भारत में पूरी आबादी के भीतर जागरूकता नहीं है जिससे भारत के सभी क्षेत्रों में मानव अधिकारों को अभी तक समझ नहीं पाए हैं, यह एक सचाई है. भारत में आयोग की मंशा यह है कि हम सभी तक पहुँच बनायेंगे और इसके लिए यह कोशिश उसकी है कि अपनी प्रतिबद्धता कभी भी प्रश्नांकित न हो. भारतकी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता बहुत सी चुनौतियों के साथ संवाहित है. हमारे देश में गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य संबंधी खतरे और कोविड महामारी से भी सरकारें समय-समय पर निपटती रही हैं. इसलिए देश ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे और आम आदमी इसमें अपने मानव अधिकारों को समुचित पा न सका लेकिन इन सभी समस्याओं ने जब-जब जन्म लिया हमारे देश का राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अपने नागरिकों की गरिमा और सुरक्षा के लिए आगे बढ़कर कार्य किया.भारतीय नागरिकों की दैनिक जीवनचर्या और जीवन आनंद को समन्वित करने का प्रयास किया ताकि सभी पूर्णतया भारतीय संविधान के मूल्यों के साथ जी सकें. 30 वर्षों का समय बहुत ज्यादा नहीं होता है लेकिन कठिनाई का एक क्षण भी बहुत भारी हो जाता है, कठिनाई के समय में आम नागरिक यह चाहता है कि उसकी कोई सुन ले. उसको कोई संरक्षण प्रदान कर दे. आम नागरिक बहुत बड़ी इच्छाएं नहीं रखता अपितु वह बस अपना जीवन बचाना चाहता है और यह चाहता है कि उसको सम्मान प्राप्त हो. भारत में कृषि और जलवायुके संकट के कारण खेत-खलिहान का किसान हो, नौकरी पेशे वाला हो, कामकाजी वर्ग हो या पर्याप्त आत्मनिर्भर लोग, सभी इसी सम्मान को चाहते हैं. इसलिए भारत का हर नागरिक एक-दो टाइम भूखे रह लेगा लेकिन उसकी प्रतिष्ठा उसको अधिक प्रिय है. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग से उसकी यह अपेक्षा होती है कि वह उसकी इस प्रतिष्ठा को कभी भी कम न होने दे. भारत में गरिमा ही मानवाधिकार है. भारत में स्वतंत्रता ही मानवाधिकार है. भारत में आत्मनिर्भरता ही मानवाधिकार है. अच्छी बात यह है कि भारत सरकार ने समय-समय पर इसके लिए अपनी अनेक योजनाओं को बनाया और भारत के नागरिकों तक उन योजनाओं की पहुँच बनायीं. रैगिंग से जूझते बच्चे, गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष अवकाश के प्रश्न, थर्ड जेंडर से जुड़े मसले, जलवायु समस्याएं और कोविड जैसी महामारी पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने पर्याप्त कार्यकिया है, परामर्श दिया है. हाल ही में संपन्न एशिया प्रशांत संम्मेलन दिल्ली में हुआ तो उसमें सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यवसाय, स्वास्थ्य देखभाल, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं और सीमाओं के पार होने वाले अपराधों के विषय में आयोग की पर्याप्त चर्चा वैश्विक स्तर पर उसकी चिंताओं को दशार्ती है.चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अरुण मिश्र और डॉ. ज्ञानेश्वर मुले व डॉ.राजीवजैन माननीय आयोग के सदस्य, एनएचआरआईएस के एशिया प्रशांत फोरम के अध्यक्ष श्री डू-ह्वान सोंग और ग्लोबल एलायंस ऑफ ह्यूमन राइट्स इंट्यूशन्स की सचिव सुश्री अमीना बौयाच की उपस्थिति में खुलकर मानवाधिकारवादियों ने अपनी बात रखी और जो दिल्ली घोषणा-पत्र जारी हुआ उससे मानवाधिकार आयोग कितना आमजन सेजुड़ा है, कितने विषयों को लेकर चिंतित है, कितने मुद्दों को चुनौती के रूप में देख रहा है, यह सब स्पष्ट होता है.वस्तुत: दुनिया के अनेक राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नॉन-परफार्मर भी घोषित किए गए हैं. भारतका राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सतत अपनी प्रतिष्ठा को वैश्विक स्तर पर ग्रेड ए के साथ कार्य कर रहा है.

अपनी 30 वर्षों की सतत यात्रा के दौरान राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने 22 लाख से अधिक मामलों का निपटाया है. मानव अधिकार उल्लंघन के पीड़ितों को 230 करोड़ रुपये से अधिक की राहत दिलाईहै.विभिन्न घटना स्थलों की जांच, खुली जन सुनवाई और शिविर बैठकें आयोजित की हैं.

असंख्य बिलों और कानूनों, सम्मेलनों और अनुसंधान परियोजनाओं को गति प्रदान की है.28एडवाइजरी, सैकड़ोंप्रकाशन, हजारों मीडिया रिपोर्टें और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भागीदारियाँ, मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की दिशा में महनीय कार्य किया है. आयोग द्वारा जारी 28 एडवाइजरी केवल जारी नहीं हुई हैं, अपितु सच्चे मायने में इसके परिणाम भी देश को देखने को मिलते हैं. इसमें भोजन का अधिकार, स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य का अधिकार, अनौपचारिक श्रमिकों के अधिकार, मृतकों की गरिमा को कायम रखना, ट्रक ड्राइवरों के अधिकार, पर्यावरण प्रदूषण और क्षरण, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एडवाइजरी, कैदियों द्वारा जानबूझकर खुद को कष्ट पहुंचाने और आत्महत्या के प्रयासों को रोकन याकम करने के लिए एडवाइजरीऔरआँखोंसंबंधी आघात को रोकने और कम करने के लिए एडवाइजरी, आयोग की ओर से ऐसे प्रयास है जिससे मानव गरिमा को पर्याप्त सहयोग मिला है और मिलेगा.

आयोग ने 89,000 से अधिक मामलों का निपटाया पिछ्लेकुछेकसाल के समय में और पिछले एक साल में आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए 123 मामले को गंभीरता से उठाया।

# पटेल समर्थक साबित कर रहे विनर, हाईकमान नहीं हो रहा संतुष्ट

## -कुर्मी मतों पर सांसद की पकड हुई कमजोर-जमीनी नेता शिवशंकर पटेल व चन्द्रपाल कुशवाहा को मिल सकता लाभ

**अखंड भारत संदेश**
**राजेन्द्र पाण्डेय**

**चित्रकूट।** फिर से आ रहे हैं सरगने गुनाहों के, मेरी गली में जगह-जगह उनके स्वागत को वन्दनवार सजे हैं- यूं तो लोकसभा के चुनाव तकरीबन फरवरी में होने हैं। पहले पांच राज्यों के चुनाव की तिथियां घोषित हो गई हैं। सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थक उन्हें अभी से विजयी प्रत्याशी के बतौर साबित करने में जुटे हैं, हाईकमान फिलहाल संतुष्ट नहीं हो रहा।

सांसद आरके सिंह पटेल के समर्थक उन्हें विनर साबित करने में जी-जान लगाये हैं, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में कर्वी से सपा विधायक अनिल प्रधान ने बीस हजार से ज्यादा मतों से विजयी होकर व मानिकपुर से मात्र एक हजार मतों से हारे सपा प्रत्याशी वीर सिंह पटेल ने सिद्ध कर दिया है कि पटेल मतों पर सांसद पटेल की पकड कमजोर हो गई है। विधानसभा चुनाव के 2022 के आंकडों पर गौर करें तो तकरीबन संसदीय क्षेत्र के नरैनी-बांदा



को छोड दें तो भाजपा खासे कम अंतरों से जीती है। पटेल मतों ने जाहिर कर दिया है कि उनके नेता आरके पटेल नहीं हैं। कुर्मी मतों के बिखराव से भी ये बात साबित होती है कि आरके पटेल डूबते जहाज हैं। ये बात लोकसभा चुनाव के आंकडों से भी समझी जा सकती है- भाजपा की जीत का अंतर 2019 में पचास हजार था, जबकि कांग्रेस जैसी खत्म पार्टी से भी बालकुमार पटेल 80 हजार वोट पाये थे। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने 2014 में एक लाख से ज्यादा वोट पाकर चुनाव जीता था, फिर भी भाजपा ने उनका टिकट काट दिया था।

भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने हमेशा टिकट वितरण में चैंकाने वाले निर्णय किये हैं। इस बार भी शीर्ष नेतृत्व कहीं चैंकाने वाले निर्णय के तहत बबेरु के पूर्व विधायक चन्द्रपाल सिंह कुशवाहा को टिकट दे दें, तो लोगों को ताज्जुब नहीं होना चाहिए। हालांकि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में उनका टिकट काटकर बबेरु से अजय पटेल को चुनाव लडाया था। अजय पटेल चुनाव में बुरी तरह सपा के विशम्भर यादव से हार गये थे। ऐसे में जाहिर है कि आरके पटेल की कुर्मी मतों पर पकड खासी कमजोर हो गई है। बबेरु के जमीनी नेता/पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल को इस बार सपा ने बतौर प्रत्याशी उतार दिया तो ये सीट सपा के पाले में आसानी से जा सकती है, क्योंकि शिवशंकर सिंह पटेल पर किसी तरह के माफिया का टैग नहीं लगा। इसका उन्हें लोकसभा क्षेत्र में लाभ मिल सकता है।

सांसद आरके सिंह पटेल की बाबत एक और बात लोग खुलकर कर रहे हैं- वे तकरीबन पांच साल तक जनता से विमुख रहे हैं। बीच-बीच उनके समर्थक सांसद आवास से फेसबुक में जनता की समस्यायें सुनते फोटो डालते रहे हैं, लेकिन सत्ता पक्ष में होने से भाजपा कार्यकताओं को असीम उम्मीदें थी। उन उम्मीदों पर सांसद आरके सिंह पटेल ने पानी फेरा है। उन्होंने गांव-गांव चैपाल लगाने की जरूरत नहीं समझी, जबकि लोगों को उनसे खासी उम्मीदें थी। तिरहार क्षेत्र के कुसेली गांव के पुष्पराज सिंह व पाठा क्षेत्र के रिंकू पाण्डेय सांसद के खिलाफ जहर उगल रहे हैं, जबकि ये दोनों कट्टर भाजपाई माने जाते हैं। बबेरु, कर्वी, मानिकपुर विधानसभा में कुर्मी मतों पर उनकी कमजोर पडती पकड के चलते भले ही समर्थक उन्हें विनर साबित करने में जोर लगा रहे हैं, लेकिन हाईकमान फिलहाल संतुष्ट होता नहीं दिख रहा। वैसे भी सपा पूरे लोकसभा क्षेत्र में जहां-जहां हारी है, वहां मतों का अंतर खासा कम रहा है। वाजिब न हो तो उसके लबों को कंवल न लिख, अल्फाज का खिजाब लगाकर गजल न लिख- बस यहीं से फिलहाल बात खत्म।

## दुष्कर्म वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर में वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में अपराध निरीक्षक अभयराज की टीम ने दुष्कर्म मामले में मुकेश यादव पुत्र रामलोचन यादव निवासी सखौंहा को गिरफ्तार किया है। टीम में निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह, सिपाही राहुल पांडे व चालक राजकुमार शामिल रहे।

## सांसद ने किया सडक का शिलान्यास




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने कर कमलों से सडक का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया।

बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खोह मानिकपुर रोड से रम्पुरिया संपर्क मार्ग सात किमी की 778.71 लाख लागत की सडक का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। इस मौके पर सरैंया प्रधान कमल यादव, अगरहुडा प्रधान प्रदीप सिंह, भाजपा सेक्टर प्रमुख गौलाल तिवारी, भाजपा नेता विश्वास बाबू, बूथ अध्यक्ष विशाल उपाध्याय, संदीप शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी व गढचपा प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह मौजूद रहे। मौजूद ग्रामीणों ने सांसद के प्रति आभार जताया।

## सीएम ने नन्दबाबा मिशन योजना की लागू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नन्दबाबा मिशन के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि शासन ने नन्दबाबा दुग्ध मिशन के तहत नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समिति योजना के गठन कर क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण को शासन ने जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति गठित की है।

बुधवार को समिति में पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पदेन उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी सुश्री अमृतपाल कौर, समिति के पदेन सदस्य जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, सीवीओ डा सुभाषचन्द्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा, विनीत चैहान एमपीसी, पदेन सदस्य/सचिव उप दुग्धशाला विकास अधिकारी रामशरण मौजूद रहे। उप दुग्धशाला विकास अधिकारी रामशरण ने समिति के सदस्यों एवं मौजूद लोगों को मिशन के तहत प्रदेश के सभी जिलों समेत चित्रकूट में लागू मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के उद्देश्य बताये।

उन्होंने कहा कि स्वरूप, प्रोत्साहन, पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया स्थलीय सत्यापन, धनराशि मंजूरी की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

## पीडित महिला के साथ पुलिस ने नहीं की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ब्लाक मऊ की महिला ब्लाक उपाध्यक्ष के साथ हुई अनहोनी में पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही।

बुधवार को भीम आर्मी के संजय सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित महिला कर्वी कचहरी आई थी। घर जाते समय कर्वी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट लिया। बेहोशी दशा में महिला ट्रेन से घर जा रही थी। बरगढ़ थाना क्षेत्र के बोझ गांव में उसके साथ गैंगरेप हुआ। बेहोशी दशा में महिला घर पहुंची। 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया। दस अक्टूबर को पीड़िता ने जीआरपी रेलवे स्टेशन कर्वी व बरगढ़ थाना पुलिस गई। महिला के साथ जीआरपी थाने में गाली-गलौज की गई।

पीड़िता ने आज पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में मेडिकल जांच कराने की गुहार लगाई है। अब देखना है कि पुलिस अधीक्षक मामले को गंभीरता से लेकर क्या कार्यवाही करती है।

## जुआ खेलते दबोचे चार जुआरी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में दरोगा अशोक सिंह की टीम ने चार जुआरियों को रंगेहाथ जुआ खेलते दबोचा है।

बुधवार को मानिकपुर के दरोगा अशोक सिंह ने रविन्द्र सोनकर, नीरज सोनकर, गौरेन्द्र सोनकर पुत्र बऊआ सोनकर निवासी पुराना मानिकपुर व सुनील सोनकर पुत्र राजू सोनकर निवासी इन्द्रानगर को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से ताश के 52 पत्ते व 77 रुपये, जामा तलाशी से 450 रुपये बरामद हुए। जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अशोक कुमार सिंह, सिपाही शुभम मिश्रा व विमलेश कुमार शामिल रहे।

## एससी/एसटी आरोपी को हुआ एक हजार का जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी आपरेशन कन्विक्शन एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों पर प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व पैरोकार आकाश यादव एवं मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी से अभियोजन अधिकारी एसके यादव की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं जनजाति दीपनारायण तिवारी ने आरोपी प्रेम सिंह पुत्र रामप्रताप निवासी मलवारा को एक हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया। जुमार्ना न देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। ज्ञात है कि दो जुलाई 2013 को सतनावा ने न्यायालय में पेश पत्र में कहा कि वह अपनी जमीन में शौचालय बना रहे थ। गांव के प्रेम सिंह व परिजनों ने लाठी-डंडे लेकर आए। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर थाने में मामला दर्ज कराया। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी सत्यवीर सिंह ने विवेचना कर आरोप पत्र दाखिल किया था।

# बालिका दिवस पर जीजीआईसी की बालिकाओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय बालिका इंटर कालेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपर जिला जज/सचिव फारुख इनाम सिद्दीकी ने बालिकाओं के हितों व अधिकारों के बारे में जागरूक किया।




बुधवार को उन्होंने कानून के बारे में जानकारी दी। डॉ सुकृति कुशवाहा ने महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव व लक्षण के बारे में बताया। माहवारी के समय गंदा कपड़ा उपयोग करने के दुष्परिणाम के बारे में बताया। सेनेटरी पैड के उपयोग करने को जागरूक किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला कल्याण विभाग से महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने बालिका दिवस के बारे में जानकारी दी। बताया कि लड़कियां पढ़-लिखकर हर फील्ड में आगे बढ़ रही है। माता-पिता का सहारा बन रही हैं। विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी दीं। वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज अर्चना साहू ने सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में बताया। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, आपसी विवाद, बाल विवाह, साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। बताया कि सरकार ने महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा को विभिन्न योजनायें चलाई हैं। हेल्पलाइन नम्बर 181, 1090, 1098, 112 की जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल समेत विद्यालय स्टॉफ आदि मौजूद रहे।

# क्रान्ति के प्रणेता जेपी को सपाइयों ने किया याद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में क्रान्ति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी हुई। गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि लोकनायक जय प्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का नारा देते हुए पूर्व सरकार के खिलाफ छात्रों, नौजवानों, किसानों को एकजुट किया था।



सपा जिला कार्यालय में बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि पटना के प्रसिद्ध गांधी मैदान से तानाशाही सरकार के खिलाफ जेपी आंदोलन की शुरूवात हुई थी। गूंगी-बहरी सरकार को उखाड़ फेंकने तक उनका आंदोलन जारी रहा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि जब सत्ता निरंकुश होती है, तब समाज को लोकनायक जय प्रकाश नारायण जैसा नेता मिलता है। उनके चलाये आंदोलन ने जन आन्दोलन का रूप लिया था। जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि राममनोहर लोहिया, लोक नायक के बारे में कहा करते थे, उनमें ऐसी क्षमता है कि वे आंदोलन से पूरे देश को हिला सकते थे। आपातकाल में उन्होंने ये करके दिखाया। सर्वोदय नेता जेपी ने देश को नई दिशा देने का काम किया, जो आज समाजवादियों को दिशा देने का काम कर रहा है।

गोष्ठी में कोषाध्यक्ष राजा यादव गोबरिया, शीलू यादव, अभिलाष यादव, निजाम सिद्दकी, मंगल सिंह यादव, रामू पांडे, उमाकांत यादव, मो गुलाब खान, सीताराम कश्यप, जागेश्वर यादव, गोपीचंद्र यादव, विक्की यादव, रामसनेही खंगार, सरनाम यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# आडिटोरियम बने आकर्षक, डीएम ने दिये कडे निर्देश, किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिले में बन रहे रुर्बन मल्टीपरपज कांप्लेक्स ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लि को निर्देश दिये कि लाइट व साउंड अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए। इसे चार-पांच दिन में तैयार कर टेस्टिंग करायें।



बुधवार को जिलाधिकारी ने फॉल सीलिंग के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिये कि जल्द इसे पूरा करें। जो स्टेज के पीछे बोर्ड बनेगा, उस पर बॉर्डर भी लगवाए। राजकीय निर्माण निगम लि को निर्देश दिये कि आप्टर सैंपल सीडीओ को दिखायें। कार्यदाई संस्था से कहा कि मैनपावर बढ़ाकर एक माह में इसे पूरा करायें। फर्श पर कारपेट भी लगायें। कंट्रोल रूम, किचन रूम भी देखा। एई इलेक्ट्रॉनिक को निर्देश दिये कि जो किचन में केबिल है, उसे अंडरग्राउंड करायें। कार्यदायी संस्था से कहा कि म्यूजियम के ग्राउंड में खाली जमीन को मिट्टी से भरें। गेट का मॉडल अच्छा होना चाहिए। म्यूजियम में जो भी सामान लगायें, क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, एक्सईएन प्रान्तीय खंड सत्येंद्रनाथ, अपर परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम लि रामफल आदि मौजूद रहे।

## जमीन खरीद-फरोख्त में लेखपाल ने ऐंठे हैं बीस लाख

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर में तैनात लेखपाल ने टिकरिया गांव की जमीन नम्बर 442 की खरीद-फरोख्त में तकरीबन बीस लाख रुपये ऐंठे हैं। इसी प्रकार से वह मानिकपुर क्षेत्र में जमीनों की खरीद-फरोख्त के कारोबार में लिप्त हैं।

बुधवार को लेखपाल के जमीन खरीद-फरोख्त में बीस लाख रुपये ऐंठने का खुलासा हुआ है। बताया गया कि क्षेत्र का लेखपाल इन दिनों प्रापर्टी डीलिंग के कार्य में उतारु है। उसे न एसडीएम का कोई भय है और न तहसीलदार का। वह अपनी मनमानी पर उतारु है। वह आये दिन मानिकपुर क्षेत्र की जनता से विवाद करता रहता है। लोगों से कहता है कि उसका जी लद गया है।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि वह आये दिन लोगों की जमीन नापने के नाम पर वसूली करता है। जमीन नापने नहीं आता। क्षेत्र की परेशान जनता ने कहा कि उससे जमीन नापते बनती भी नहीं है। टिकरिया गांव के यश त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल की करतूतों का उसके पास वीडियो भी है। लेखपाल की हरकतों पर विराम नहीं लग रहा। क्षेत्र में पूंजीपतियों से मिलीभगत कर उन्हें जमीन खरीदवाने के कारोबार में ज्यादा ध्यान देता है। क्षेत्र की जनता की उसे कोई परवाह नहीं है।

## संविधान के रास्ते संवाद करेगी कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय नौ अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ मुख्यालय से दलित अधिकार मांग पत्र जारीकर कहा कि प्रदेश में कांग्रेस दलित गौरव संवाद करेगी।

बुधवार को इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी 11 अक्टूबर से 26 नवंबर तक स्वाभिमान के वास्ते, संविधान के रास्ते गौरव संवाद पूरे जिले में करेगी। दोनों विधानसभा में रात्रि चैपाल लगाई जायेगी। शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, समाजसेवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पूर्व प्रधान, सामाजिक प्रतिनिधियों समेत दलित चिंतकों से संवाद करके दलित अधिकार मांग पत्र भरवाने का काम करेगी। कांग्रेस पदाधिकारियों समेत फ्रंटल अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रत्याशी एवं ब्लॉक अध्यक्षों को जिम्मेदारी देकर दलित अधिकार मांग पत्र भरवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस ने हमेशा देश के संविधान व दलितों के स्वाभिमान की रक्षा की है।

## पितृ विसर्जनी अमावस्या की प्रशासन ने की तैयारी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने अश्वनी मास की शनिश्चरी अमावस्या मेला की तैयारी बाबत कहा कि अमावस्या पर्व 14 अक्टूबर को पड़ेगा। मेला 13 से 15 तक चलेगा। अमावस्या में तकरीबन पांच लाख श्रद्धालु आने के आसार हैं। अमावस्या मेला सकुशल संपन्न कराने को सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए हैं।

बुधवार को संपूर्ण मेला क्षेत्र में निर्धारित स्थलों पर मजिस्टेज्ट तैनात रहेंगे। मेला में लगाये मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल रखें। अमावस्या को लेकर मप्र प्रशासन भी कमर कसे है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईओ, डीपीआरओ से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, गोवंशों पर रोक, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करायें। परिक्रमा मार्ग में सीसीटीवी कैमरा, रामघाट, परिक्रमा मार्ग पर दुकानदारों का अतिक्रमण न होने पाए। उन्होंने कहा कि मोबाइल शौचालय की व्यवस्था रहे। चिकित्सा विभाग पहले की तरह एम्बुलेंस एवं स्वास्थ्य टीम लगाये। जल संस्थान से कहा कि टैंकर आदि से पूरे मेला क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था करायें। विद्युत विभाग विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखे। अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पहले की तरह मंदाकिनी गंगा रामघाट में घाट की समुचित सफाई, बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव का इंतजाम करें। मेला दौरान भीड़ के मद्देनजर समुचित पार्किंग व्यवस्था कराई जाए। मेले में सभी की ड्यूटी 12 घंटे लगाई गई है। बैठक में सदर एसडीएम सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## अफगानिस्तान में आया 6.3 तीव्रता का भूकंप

**काबुल।** अफगानिस्तान में (बुधवार) तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइंसेज ने कहा है कि अफगानिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई पर था। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है तालिबान हुकूमत को विस्तृत ब्यौरे का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को भूकंप से अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में बड़े पैमाने पर जानमाल की क्षति हुई है। 4,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मगर तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने इसे खारिज करते हुए माना कि 2053 लोगों की मौत हुई है। 1240 लोग घायल हो हुए हैं।



## लंदन के ल्यूटन एयरपोर्ट की कार पार्किंग में लगी आग, सभी फ्लाइट कैंसिल

**लंदन।** लंदन के ल्यूटन हवाई अड्डे पर एक बहुमंजिला कार पार्किंग की सबसे ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। इस कारण सभी उड़ानें कैंसिल कर दी गईं। सोशल मीडिया पर प्रत्यक्षदर्शियों ने इसके



वीडियो और फोटो साझा किए हैं। इनमें ऊपरी मंजिल पर आग की ऊंची लपटें दिखाई दे रही हैं। पार्किंग का करीब 80 प्रतिशत क्षेत्र आग में घिरा हुआ है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आग लगने से कारों में विस्फोट हो गया। कुछ ही देर में आसमान में धुआं का गुबार उठने लगा। एयरपोर्ट के अधिकारियों का कहना है कि आग लगने की वजह से कार पार्किंग का काफी ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया है। इसलिए सभी उड़ानों को 11 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक के लिए निलंबित कर दिया गया है।

## इजरायल में नेपाली नागरिकों और छात्रों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने कहा है कि इजराइल में मौजूद सभी नेपाली छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। काठमांडू स्थित इजरायल के दूतावास ने मंगलवार को यह जानकारी नेपाल के विदेश मंत्रालय को दी। इससे एक दिन पहले ही नेपाल के विदेश



मंत्रालय ने बताया था कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के रॉकेट हमलों में इजरायल में नेपाल के 10 नागरिकों की मौत हो गई है तथा चार अन्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार तेल अवीव और एस्केलोन में रह रहे नेपाली छात्रों को सुरक्षित दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया गया है। बंकर में छुपे छात्रों को निकालकर सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। उधर, नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के छात्रों ने फेसबुक के माध्यम से भी अपने परिवार वालों को बंकर से सुरक्षित स्थान पर जाने की जानकारी दी है। कुछ छात्रों ने वीडियो बनाकर भी भेजा है। इजरायल में अध्ययनरत लुइस रिजाल ने अपने फेसबुक अकाउंड पर वीडियो अपलोड कर सेना के संरक्षण में सुरक्षित स्थान पर जाने की जानकारी साझा की है।

# दो लाख लोगों ने छोड़ी गाजा पट्टी, हमास के अर्थव्यवस्था मंत्री को इजराइल ने मार गिराया

**यरुशलम।** हमास और इजराइल के बीच चल रहा युद्ध लगातार भयावह होता जा रहा है। इजराइल ने हमला कर हमास के अर्थव्यवस्था मंत्री को मार गिराया है, वहीं गाजा पट्टी की तमाम इमारतें जमींदोज कर दी हैं। इस कारण दो लाख लोग गाजा पट्टी छोड़कर पलायन कर गए हैं। इजराइल ने मिस्र को भी चेतावनी दी है कि यदि मिस्र ने गाजा में सामान भेजा, तो ट्रकों पर बमबारी की जाएगी। इजराइल के जवाबी हमले से बौखलाए हमास ने हिजबुल्ला के साथ मिलकर गाजा व लेबनान से कई शहरों पर रॉकेट दागे हैं। इजराइल की ओर से गाजा पट्टी पर हमलों की रफ्तार तेज कर दी गयी है। निशाना बनाकर की जा रही बमबारी से गाजा पट्टी की तमाम इमारतें ध्वस्त हो गयी हैं। इजरायली वायु सेना ने आतंकी संगठन हमास के अर्थव्यवस्था मंत्री जवाद अबू शमाला को मार गिराया है। साथ ही गाजा पट्टी में आपूर्ति बाधित करना सुनिश्चित करने के लिए इजराइल ने सभी पक्षों को साफ चेतावनी दे दी है। मिस्र से कह दिया है कि यदि गाजा में आपूर्ति पहुंचाने की



कोशिश हुई तो ट्रकों पर बम चला दिए जाएंगे। जोरदार इजराइली हमले के बाद दो लाख से अधिक लोगों ने गाजा पट्टी छोड़ दी है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि गाजा पट्टी पर इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 1,87,500 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। वैसे यह संख्या दो लाख से अधिक बताई दा रही है। संयुक्त राष्ट्र जांच आयोग ने कहा है कि इजराइल व गाजा में युद्ध अपराध होने के भी स्पष्ट सबूत मिले हैं।

इजराइल के लगातार हमलों के बाद हमास की ओर से फिर इजराइली शहरों पर रॉकेट दागे गए हैं। हमास को इस काम में हिजबुल्ला का भी साथ मिला है। पश्चिमी गैलिली और दक्षिणी तटीय शहर अश्कलोन में रॉकेट से हमले की खबर है। यहां लगातार रॉकेट सायरन बज रहे हैं। इजराइल पर गाजा पट्टी और लेबनान दोनों ओर से रॉकेट हमले किए जा रहे हैं। इजराइल के दक्षिणी शहर बेर्शेबा में मंगलवार को खतरे का सायरन सुनाई दिया। इस दौरान शहर की ओर कई रॉकेट दागे गए। शहर में कई विस्फोटों की आवाज भी सुनाई दी। हमास ने रॉकेट हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि, फिलहाल किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## म्यांमार में शरणार्थी शिविर को तोप से उड़ाया, 30 लोगों की जान गई

**मांडले (म्यांमार)।** चीन-म्यांमार सीमा के पास लाईजा के उत्तरी भाग में स्थित मुंग लाई हकियेत विस्थापन शिविर को सोमवार देररात तोप से उड़ा दिया गया। इस शिविर में तीस से ज्यादा लोग सो रहे थे। सभी की मौत हो गई। इनमें 13 बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

काचिन ह्यूमन राइट्स वॉच के प्रवक्ता के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह शिविर म्यांमार के उत्तरी राज्य कांचिम में विस्थापितों के लिए बनाया गया था। म्यांमार की सेना ने सोमवार देररात इसे तोप से उड़ा दिया। यह शिविर म्यांमार के दूसरे बड़े शहर मांडले से 324 किलोमीटर उत्तर पूर्व में है। इसके



अलावा 60 अन्य लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लाईजा शहर चीन सीमा के बिलकुल करीब है। उसके आसपास विस्थापन शिविरों में रहने वाले कई नागरिकों के घर भी हैं। यहां के एक मानवाधिकार कार्यकर्ता ने कहा कि विस्फोट से पूरा शहर हिल गया और लोग अपने घरों को खाली कर कहीं और जा रहे हैं।

## हमास ने शिशुओं को भी नहीं छोड़ा; 40 की हत्या, कई के सिर कलम किए

**यरुशलम।** इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने हमास आतंकियों द्वारा हमले के बाद कफार अजा में हुए विनाश को देखने के लिए विदेशी पत्रकारों को घटनास्थल पर ले गए। इन पत्रकारों को आईडीएफ सैनिकों की कंपनी के साथ रखा गया था। वहां की एक मंजिला घर इस बात का सबूत दे रही थी कि हाल ही में हुए हमले कितने भयावह थे। आईडीएफ के प्रमुख ने पत्रकारों से कहा, 'यह कोई युद्ध नहीं है। यह कोई युद्धस्थल भी नहीं है। आपलोग यहां बच्चे, उनके माता-पिता को उनके सुरक्षा कक्ष में देख सकते हैं। उन्हें आतंकवादियों ने कितनी दर्दनाक मौत दी है। यह युद्ध नहीं बल्कि हत्याकांड है। उन्होंने आगे कहा, यह कुछ ऐसा है, जिसे मैंने इससे पहले अपनी पूरी जिंदगी में नहीं देखा था। यह कुछ



ऐसा है, जिसकी मैं यूरोप और अन्य स्थानों में अपनी दादी और दादा के बारे में कल्पना करता था। एक रिपोर्टर ने बताया, आईडीएफ कमांडर ने बताया कि उन्हें 40 शिशुओं के शव भी मिले, जिनमें से कुछ के सिर भी काट दिए गए थे।' हालांकि इस्राइल ने अभी तक इस्राइली पत्रकारों के लिए नरसंहार स्थलों का दौरा आयोजित नहीं किया है, इससे यह पता चलता है कि इस्राइल विश्व राय को प्राथमिकता देता है।

## इजरायल ने हमास सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ के पिता और रिश्तेदारों के घरों पर बम बरसाए

**तेल अवीव।** इजरायल की सेना ने गाजा पट्टी के अल फुरकान में सुबह हमास सैन्य कमांडर के पिता और रिश्तेदारों के घरों पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। उसे इजरायल पर ताजा हमले का प्रमुख साजिशकर्ता माना जाता है। इजरायल उसे जिंदा या मुर्दा पकड़ने की जीतोड़ कोशिश कर रहा है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार सुबह हमास के खिलाफ चल रहे जवाबी हमले के बीच इजरायल के रक्षा बलों ने हमास के सैन्य विंग के प्रमुख मोहम्मद दीफ के पिता और रिश्तेदारों के घर पर बमबारी की है। उसे इजरायल के खिलाफ ताजा आतंकवादी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। इसके अलावा हमास पर हवाई



हमला जारी रखते हुए इजरायल के रक्षाबलों ने आतंकवादी समूह के 200 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। इसके अलावा इजरायल की नौसेना ने जल मार्ग से घुसपैठ की कोशिश कर रहे हमास के एक गोताखोर जवान को मार डाला। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आतंकवादी सरगना मोहम्मद दीफ अपने पैरों पर खड़ा तक नहीं हो पाता है। उसे चलने-फिरने के लिए व्हील चेयर का सहारा लेना पड़ता है। मोहम्मद दीफ को खत्म करने की इजरायल की अब तक की सभी कोशिश विफल हो चुकी हैं। वह इजरायल के वांछितों की सूची में सबसे ऊपर है। वह 2002 से हमास की मिलिट्री विंग का मुखिया है। दीफ का जन्म 1960 के दशक में गाजा में खान यूनिस शरणार्थी शिविर में हुआ था। उसका पूरा नाम मोहम्मद दीब इब्राहिम अल-मसरी है। तब गाजा पर मिस्र का नियंत्रण था।

## नेपाल ने इजरायल से छात्रों के शव लाने के लिए एयरस्पेस की मांग की



**काठमांडू।** नेपाल ने इजरायल में मारे गए अपने छात्रों के शव वापस लाने के लिए एयरस्पेस उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में नेपाल के विदेशमंत्री ने अपने इजरायली समकक्ष से वार्ता की है। नेपाल ने कहा है कि चार्टर्ड विमान को उड़ान भरने और लैंडिंग की अनुमति दी जाए। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विदेश मंत्री एनपी साउद और इजरायल के विदेशमंत्री एली कोहेन के बीच टेलीफोन वार्ता हुई है। नेपाल के विदेश मंत्री ने हमास के हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा नेपाल हर तरह से इजरायल के पक्ष में है। इसके अलावा इजरायल में फंसे करीब ढाई सौ छात्र और अन्य नेपाली कामदारों की वापसी के लिए भी एयरस्पेस देने की मांग की गई है।

## आई.एस.आई.एस. व अल कायदा से अलग नहीं हमास, चाहता है केवल यहूदी राज्य का विनाश

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र में इसराईल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि हमास एक 'नरसंहारक इस्लामवादी जेहादी आतंकवादी' संगठन है। यह आई. एस. आई. एस. व अल कायदा से अलग नहीं है। वह बातचीत नहीं चाहता है, केवल यहूदी राज्य का विनाश चाहता है। हमास के 'नरसंहार चार्टर' का उल्लेख करके उन्होंने कहा कि यह उनके चार्टर का सीधा उदाहरण है किमुसलमान यहूदियों से लड़ते रहेंगे और जब तक उन्हें मार नहीं डालेंगे, तब तक न्याय का दिन नहीं आएगा। हमास का चार्टर यह भी कहता है कि जब भी किसी मुस्लिम का सामना एक यहूदी से होता हो तो उसे अवश्य ही मार देना चाहिए। उन्होंने इसराईल पर हमास के हमले की निंदा की और कहा कि यह इसराईल का '9/11' है और संकल्प जताया कि उनका देश बंधक बनाए गए लोगों को घर वापस लाने के लिए सब कुछ करेगा।

## 'संघर्ष के अंत तक नहीं बचेगी हमास की ताकत', इस्राइली सेना ने दी चेतावनी

**यरुशलम।** आतंकी संगठन हमास की ओर से इस्राइल पर किए गए हमले के बाद तनाव

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

ने कहा कि गाजा बॉर्डर पर तीन लाख से अधिक सैनिकों को



तैनात किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि संघर्ष खत्म होने तक हमास के पास कोई ताकत नहीं बचेगी।

**तीन लाख जवानों को देश की रक्षा का जिम्मा**

सोशल मीडिया एक्स पर प्रवक्ता ने लाइव आकर कहा कि हमने हथियारों से लैस जवानों को सीमा की सुरक्षा में लगा दिया है। अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े तीन लाख जवानों को देश की रक्षा का जिम्मा सौंपा है। वे लोग गाजा पट्टी के पास पहुंच गए हैं और आतंकियों के हमलों को असफल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए इस्राइल सरकार तैयार है कि संघर्ष के अंत में हमास के पास कोई सैन्य क्षमता नहीं बचेगी, जिससे वह इस्राइली नागरिकों को धमकी दे सकें।

**आवासीय इमारत नहीं, हमास का ठिकाना था**

उन्होंने इस्राइल में मौतों की बढ़ती संख्या के पीछे का कारण भी बताया और दावा किया कि उन्हें हमास के हमले में मारे गए लोगों के शव मिल रहे हैं। आईडीएफ ने गाजा में एक इमारत पर बम से किए हमले को लेकर भी स्पष्टीकरण दिया। दरअसल, इसे आवासीय इमारत बताया जा रहा था।

उन्होंने कहा, 'जिस इमारत पर हमला किया गया है उसे रिहायशी इमारत बताया जा रहा है, जबकि वहां हमास के आतंकियों का ठिकाना था। वह नागरिकों के घरों, कार्यालयों और मुख्यालयों का उपयोग हमले की साजिश रचने के लिए कर रहे हैं।

## अमेरिकी नौसेना का विमानवाहक पोत भूमध्य सागर पहुंचा, इस्राइल को मिला अमेरिका का पूरा समर्थन

**यरुशलम।** हमास के साथ इस्राइल के संघर्ष के बीच अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप पूर्वी भूमध्य सागर पहुंचा। यूएस सेंट्रल कमांड ने इस बात की जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी।

**इस्राइल को मिल रहा अमेरिका का पूरा समर्थन**

विज्ञप्ति में कहा गया कि इस क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड (सीवीएन 78) के साथ हमले और समर्थन विमानों के 8 स्क्वाड्रन और टिकॉनदेरोगा क्लास गाइडेड मिसाइल क्रूजर यूएसएस नॉर्मंडी (सीजी 60) शामिल हैं।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने आठ अक्तूबर को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, 'मैंने पूर्वी भूमध्य सागर में यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की आवाजाही का निर्देश दिया है।



इसमें अमेरिकी नौसेना का विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड भी शामिल है। हमने क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना एफ-35, एफ-15, एफ-16 और ए-10 लड़ाकू विमान स्क्वाड्रन को बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं।अमेरिकी रक्षा सचिव ने भी इस्राइल पर हमास द्वारा किए गए हनले की निंदा करते हुए कहा था कि इस्राइल के साथ लगातार संवाद जारी है। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा के लिए आश्वासन भी दिया। शनिवार को हमास ने

**अमेरिकी रक्षा विभाग ने आठ अक्तूबर को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, 'मैंने पूर्वी भूमध्य सागर में यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की आवाजाही का निर्देश दिया है।**

इस्राइल पर कई हवाई हमले किए, जिसमें अबतक करीब 1200 इस्त्रइली नागरिकों की मौत हो गई, तो वहीं 2200 के करीब घायल हो चुके हैं। वहीं जवाबी हमले में 900 फलस्तीन नागरिकों की भी मौत हो चुकी है।